page 1_Layout 1 19-09-2026 20:55 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 20 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :148 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आवश्यकता

'डेली आवाज़ भारती'
को विभिन्न क्षेत्रों में
न्यूज़ रिपोर्टरों की
आवश्यकता
इच्छुक एवं अनुभवी
पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

मिडिल ईस्ट की सुरक्षा किसी बाहर वाले की जिम्मेदारी नहीं : ईरान के विदेश मंत्री अराघची

डेली आवाज भारती



तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दुनिया से सैन्यवाद और दखलंदाजी छोड़कर सतत विकास, राष्ट्रीय संप्रभुता के सम्मान और स्थायी शांति की ओर बढ़ने का आह्वान किया है। मिडिल ईस्ट की सुरक्षा, विश्वास बहाली, सहयोग और मानवीय मूल्यों को लेकर एक वैश्विक मंच पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि मिडिल ईस्ट में स्थायी सुरक्षा की जिम्मेदारी क्षेत्र के बाहर नहीं तय की जा सकती। ईरान के वरिष्ठ मंत्री ने 'ग्लोबल टाउन हॉल 2026' के वर्चुअल फोरम में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस कार्यक्रम का आयोजन 'फॉरेन पॉलिसी कम्युनिटी ऑफ इंडोनेशिया' (एफपीसीआई) ने किया था। जिसका विषय 'ग्लोबल यू-टर्न अपील- रीसेंटरिंग डेवलपमेंट, रिक्लेमिंग ह्युमैनिटी, रिस्टोरिंग जस्टिस इन अ क्रेजियर वर्ल्ड' (अद्भुत दुनिया में विकास को केंद्र में रख, इंसानियत और न्याय बहाल करना) था। यहां उन्होंने कहा, ÷अगर बड़ी ताकतों के हितों के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून को नजरअंदाज किया जाता है, तो कानून के शासन की बात नहीं की जा सकती। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर आगे कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं ÷आक्रामकता का विरोध करने और अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ने वालों को जवाबदेह ठहराने में नाकाम रहती हैं, तो यह स्वाभाविक है कि इन संस्थाओं की विश्वसनीयता और वैधता पर असर पड़ेगा। अराघची ने आगे कहा, ÷फिर भी, इसका समाधान बहुपक्षवाद में है जिसे छोड़ा नहीं जा सकता। इसके विपरीत, आज की दुनिया को पहले से कहीं ज्यादा सच्चे, असरदार और न्यायपूर्ण बहुपक्षवाद की जरूरत है। अराघची ने कहा, ÷हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर युद्ध की कीमत युद्ध के मैदान से कहीं ज्यादा होती है। मारे गए लोग महज आंकड़े नहीं होते। इनमें से हर मौत के पीछे एक परिवार, एक भविष्य और एक जिंदगी थी। यही वह बात है जहां हमें खुद से पूछना चाहिए कि यह सब कब तक चलेगा? हम कब कहेंगे कि अब बहुत हो गया? आम लोग अपनी जान, खून, घर, भविष्य और सुरक्षा के रूप में सबसे भारी कीमत चुकाते हैं। उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, हमारा मानना है कि स्थायी सुरक्षा इस क्षेत्र के देशों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली, सहयोग और आपसी सम्मान से हासिल की जा सकती है, न कि विदेशी ताकतों की सैन्य मौजूदगी और उन पर अपनी मर्जी थोपने से।

पंजाब में कांग्रेसी नेता को बंबीहा गैंग की धमकी, बोला- तेरे सिर में गोली मरवाउंगा

सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के खिलाफ बयानबाजी न करने की चेतावनी

डेली आवाज भारती



मानसा। मानसा में कांग्रेस के टिकट के दावेदार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग के करीबी बताए जाने वाले गुरप्रीत सिंह विक्की को कथित तौर पर धमकी भरी कॉल आने का मामला सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि कॉल करने वाले ने खुद को बंबीहा गैंग से जुड़ा बताया और विक्की को सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के खिलाफ बयानबाजी न करने की चेतावनी दी। कॉल में कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक, फोन कॉल के दौरान गुरप्रीत सिंह विक्की को कथित तौर पर कहा गया कि अगर उन्होंने बलकौर सिंह के खिलाफ बयानबाजी जारी रखी तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। अगर बयानबाजी बंद न की गई तो उनके सिर में गोलियां मरवाई जा सकती हैं। इसके अलावा फोन पर कथित तौर पर यह भी कहा गया कि धमकी देने वाले न तो राजा वड़िंग को जानते हैं और न ही गुरप्रीत सिंह विक्की को।

सिकंदर सिंह का नाम सामने आया

इस मामले में बंबीहा गैंग से जुड़ा बताया जा रहा गैंगस्टर सिकंदर सिंह का नाम भी सामने आया है। हालांकि, धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान और कॉल के पीछे वास्तव में किसका हाथ है, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में धमकी भरी कॉल के स्रोत, कॉल करने वाले की पहचान और सामने आए गैंग से जुड़े दावों की पड़ताल की जा रही है।

NESTLE के बेबी फूड के पैक और विज्ञापनों पर दावों को लेकर उठे सवाल!

FSSAI ने कंपनी को भेजा नोटिस



डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। FSSAI ने बच्चों के लिए बनाए जाने वाले खाद्य उत्पादों और उनके विज्ञापनों से जुड़े कथित नियम उल्लंघन को लेकर नेस्ले इंडिया के खिलाफ कार्रवाई की है। FSSAI की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, कंपनी के बेबी फूड उत्पादों को लेकर पोषक तत्वों की कमी और भ्रामक दावों से संबंधित तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। मामले के अनुसार, NAN EXCEL-LA PRO STAGE 1 के पैक और विज्ञापनों में 5 HMOs और वे प्रोटीन से जुड़े दावे किए गए थे। वहीं Lactogen Pro 1 के संबंध में यह दावा किया गया था कि इसमें मौजूद वे प्रोटीन आसानी से पचने योग्य है। FSSAI के मुताबिक, इस तरह के दावे उत्पादों के प्रचार और बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे थे। अथॉरिटी ने इन दावों को लेकर कंपनी से जवाब मांगा है। FSSAI ने नेस्ले के फॉलो-अप फॉर्मूला यानी शिशुओं के लिए इस्तेमाल होने वाले दूध पाउडर के एक सैंपल की जांच कराई। जांच में उत्पाद में बायोटिन (Vitamin B|) की मात्रा निर्धारित सरकारी मानकों से कम पाए जाने की बात सामने आई।

नेस्ले इंडिया ने मामले पर आरोपों पर क्या कहा

मामले पर नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसके सभी उत्पाद सुरक्षित हैं और सरकारी नियमों के अनुसार तैयार किए जाते हैं। कंपनी के मुताबिक, उसके उत्पादों के लेबल और गुणवत्ता को FSSAI की विशेषज्ञ समिति पहले ही मंजूरी दे चुकी है। लेबल पर किए गए दावे वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित और सही हैं। कंपनी ने यह भी कहा कि वह आगे भी सभी नियामकीय नियमों का पालन करेगी और उपभोक्ताओं को जागरूक करने में FSSAI के साथ सहयोग जारी रखेगी।

जालंधर में पीएम मोदी का पुतला फूंकने आए कांग्रेसी नेताओं ने अपनी पार्टी का ही झंडा फूंक डाला

● पुतला जलाते समय पार्टी का झंडा भी आग की चपेट में आ गया ● मौके पर कार्यकर्ताओं ने तुरंत स्थिति संभालने की कोशिश की

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के कंपनी बाग चौक (श्रीराम चौक) में शनिवार को कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान उस समय असहज स्थिति बन गई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाते समय पार्टी का झंडा भी आग की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने तुरंत स्थिति संभालने की कोशिश की। प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं शहरी प्रधान राजिंदर बेरी, पार्षद **प्रदर्शन** का एक और पहलू चर्चा में रहा। केंद्र सरकार के खिलाफ आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा पंजाब सरकार के विरोध में नारे लगाए जाने की बात सामने आई। कांग्रेस की तरफ से प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा केंद्र की नीतियां और UPI लेन-देन से जुड़े एक्सट्रा चार्ज रहा।

पंजाब सरकार के खिलाफ लगाने लगे नारे

शैरी चड्ढा समेत पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले का दहन किया। इसी दौरान पुतले को संभालने की कोशिश में कांग्रेस का झंडा भी आग की लपटों की चपेट में आ गया और जलने लगा। इस घटना के कारण कुछ देर के लिए प्रदर्शन स्थल पर अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को लुधियाना पुलिस ने लिया हिरासत में

डेली आवाज भारती



लुधियाना। लुधियाना में पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता रवनीत बिट्टू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दरअसल बिट्टू मुख्यमंत्री भगवंत मान के क्रॉग्राउंड पहुंचने से पहले ही वहां पर आ गए। इस दौरान वे गेट नंबर 8 पर अपने साथ अंडे और टमाटर लेकर पहुंचे थे, जिन्हें एक दिन पहले क्रपार्टी वर्करों ने उनके काफिले पर फेंका था। आपको बता दें कि कल ही रवनीत बिट्टू के काफिले पर हमला हुआ था। उनके काफिले पर टमाटर और अंडे मारे गए थे। यह हमला उस दौरान हुआ जब बिट्टू अमृतसर से पठानकोट की तरफ जा रहे थे। इस हमले को लेकर बिट्टू ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर की थी और आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाए थे।

अमेरिकी कोर्ट ने पंजाबी व्यक्ति को सुनाई 9 साल की सजा, एफबीआई ने किया था अरेस्ट

दोषी की पहचान 58 साल के इकबाल सिंह विर्क के रूप में हुई

डेली आवाज भारती



अमेरिका में पंजाबी ट्रक ड्राइवर को कोर्ट ने 9 साल की सजा सुनाई है। दोषी की पहचान 58 साल के इकबाल सिंह विर्क के रूप में हुई है। इकबाल सिंह ने कोर्ट में स्वीकार किया वह ओंटारियो से कैलिफॉर्निया तक अपने ट्रक के जरिए कोकीन की खेप अमेरिका समेत कई जगहों पर पहुंचाता था। इकबाल सिंह विर्क और उसके साथ रणजीत सिंह रोवाल को मिशिगन को जोड़ने वाले ब्लू वॉटर ब्रिज के पास चैकिंग में एफबीआई ने गिरफ्तार किया। ट्रक के सीक्रेट चैंबर से 124 किलो कोकीन बरामद हुई, जिसकी कीमत 33 करोड़ बताई जा रही है।

उम्रकैद की सजा हो सकती थी विर्क को

जानकारी के मुताबिक इकबाल सिंह विर्क को कोर्ट ने उसे नशा तस्करी के मामले में यह सजा सुनाई है। इस मामले में उम्रकैद की सजा हो सकती थी, लेकिन कोर्ट में अपना जुर्म स्वीकार करने के बाद उसे 9 साल की सजा सुनाई है। वहीं, उसके साथी रणजीत सिंह रोवाल को 37 महीने की कैद मिली है। दोनों आरोपी भारतीय नागरिक हैं और कनाडा के PR (परमानेंट रेसीडेंट) हैं।

जालंधर-लुधियाना हाईवे पर रात को सोच-समझकर ही निकलें!

ट्रक ड्राइवर से गन पॉइंट पर 50 हजार और फोन की लूट

सूचना मिलते ही फिल्लौर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित चालक के बयान दर्ज किये

- पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही
- जब चीख-पुकार सुनकर कुछ युवा बचाने के लिए दौड़े तो बेखौफ बदमाशों ने उनपर हमला किया



डेली आवाज भारती

पंजाब में जालंधर-लुधियाना नेशनल हाईवे पर फिल्लौर के पास स्थित गांव भट्टियां के पास देर रात बदमाशों ने गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार रात करीब 12 बजे के बाद आई-20 कार में सवार होकर आए 4 से 5 अज्ञात लुटेरों ने गनपॉइंट पर एक ट्रक ड्राइवर से 50 हजार रूपए और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फिल्लौर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित चालक के बयान दर्ज कर आपराधिक मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जम्मू-कश्मीर के सतवाड़ के रहने वाले पीड़ित ट्रक चालक ने बताया कि वे खन्ना से माल लोड करके जम्मू की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कार सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान एक बदमाश ने उनके सिर पर पिस्तौल तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे 50 हजार रुपये की नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया।

मदद के लिए पहुंचे ग्रामीणों पर तानी पिस्तौल

हादसे के दौरान जब चीख-पुकार सुनकर पास के गांव भट्टियां के कुछ युवा चालक को बचाने के लिए दौड़े, तो बेखौफ बदमाशों ने उन पर भी हमला करने की कोशिश की। हाथों में पिस्तौल लहराते हुए लुटेरे ग्रामीणों के पीछे ही दौड़ पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। संदिग्ध कार और बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महिला को बंधी बनाकर 22 तोले सोना, 5 लाख कैश लूटा; लाठी-डंडे लेकर आए थे लुटेरे

एक-दो नहीं बल्कि 7 लुटेरों ने एक नहीं बल्कि दो घरों को निशाना बनाया

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर में लगता है अपराधियों के मन से पुलिस का डर पूरी तरह से खत्म हो गया है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जालंधर-पठानकोट रोड पर गांव राउवाली में देर रात एक-दो नहीं बल्कि 7 लुटेरों ने एक नहीं बल्कि दो घरों को अपना निशाना बनाया। हालांकि पहले घर में वह लूट की कोशिश करने में नाकाम रहे, पर दूसरे घर में लुटेरे महिला को घर में बंधी बनाकर 5 लाख कैश और 22 तोले सोना लेकर फरार हो गए। घटना का जानकारी मिलने के बाद थाना मकसूदां पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के बयान दर्ज किए। इस घटना को लेकर एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें रात करीब 1 बजे 7 लुटेरे दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि हाथों में लाठियां लेकर लुटेरे घर में घुसने की कोशिश करते है। जिसके बाद वह दीवार फांदने की कोशिश करते है और शोर मचाने पर वहां से फरार हो जाते है। पुलिस ने घ्टष्ठङ्क फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

अलमारी से गहने व कैश लेकर लुटेरे हुए फरार

पहली कोशिश नाकाम होने के बाद लुटेरे पास की दूसरी कोठी में पहुंचे। यहां उन्होंने दीवार फांदकर घर के अंदर पहुंचे। घर में मौजूद महिला को बंधक बनाने के बाद आरोपी कमरों की तलाशी लेने लगे। इसके बाद अलमारी का लॉक तोड़ा और उसमें रखे गहने व कैश निकाल लिए। लुटेरे करीब 22 तोले सोने के गहने और 5 लाख कैश ले गए। पहली कोठी में घुसने की कोशिश और दूसरी कोठी में हुई लूट के बीच संबंध की जांच की जा रही है।

सुनील जाखड़ बोले- पंजाब में गैंगस्टरों से डर रहे पुलिसकर्मी

डेली आवाज भारती

- सरकार ने एडवाइजरी में अकेले यात्रा न करने को कहा



चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के नेता सुनील जाखड़ ने अमृतसर में एक एएसआई की हत्या के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दावा किया है कि पंजाब सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें पुलिसकर्मियों से अकेले यात्रा न करने और आते-जाते समय यूनिफॉर्म न पहनने की सलाह दी गई है। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर लिखा, ÷पंजाब किस ओर जा रहा है? आजकल पंजाब में अपराधियों को पुलिस का डर नहीं रहा, बल्कि पुलिस ही गैंगस्टरों और गुंडों से डर रही है। अपराधियों के हाथों कई पुलिस अधिकारियों की हत्या के बाद माना जा रहा है कि पंजाब सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है, जो राज्य में कानून-व्यवस्था की असल तस्वीर दिखाती है।' उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'इस एडवाइजरी में पुलिसकर्मियों से कहा गया है कि वे अकेले यात्रा न करें, आते-जाते समय यूनिफॉर्म न पहनें, दो-पहिया वाहनों का इस्तेमाल न करें और हो सके तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा करें। सोचने वाली बात है कि क्या यह वही पंजाब पुलिस है, जिसने राज्य से आतंकवाद का सफाया किया था? भाजपा की पंजाब इकाई ने शनिवार सुबह एक पोस्ट में लिखा, 'पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अमृतसर में एक एएसआई की सरेआम हत्या यह दिखाती है कि राज्य में अपराधी कितने बेखौफ हो गए हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 19-09-2026 20:04 Page 1

पंजाब में नशा खत्म करने की 6 बार डेडलाइन बदल चुकी 'आप' सरकार : रेखा गुप्ता

- केजरीवाल ने दिल्ली के पैसे से पंजाब पर कब्जा किया, अब पंजाब का पैसा दूसरे राज्यों में खर्च कर रहे
- पंजाब भाजपा की दूसरी नशा मुक्त पंजाब यात्रा फतेहगढ़ साहिब से रवाना

13 दिनों की नशा मुक्त पंजाब यात्रा, पंजाब को 'आप' मुक्त करेगी

डेली आवाज भारती

फतेहगढ़ साहिब। पंजाब की सत्ता में आने के समय अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने तीन महीने में पंजाब से नशा खत्म करने का वादा किया था। यह समय सीमा कभी तीन महीने तो कभी चार महीने बढ़ाई गई और छह बार यह डेडलाइन आगे बढ़ चुकी है। तारीख पर तारीख देने वाली ऐसी सरकार से नशा खत्म करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कही। वह भारतीय जनता पार्टी पंजाब द्वारा निकाली जा रही 'नशा मुक्त पंजाब' यात्रा की दूसरी यात्रा को रवाना करने से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह 13 दिनों की नशा मुक्त पंजाब यात्रा पंजाब की 'आप' सरकार से मुक्ति की यात्रा बनेगी। रेखा गुप्ता ने गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की शहादत की गवाह ऐतिहासिक धरती पर स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और पंजाब की नशामुक्ति के लिए अरदास की। इसके बाद उन्होंने स्थानीय अनाज मंडी में पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, भाजपा केराष्ट्रीय माहमंत्री एवं पंजाब मामलों के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया



और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल की मौजूदगी में यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनकी 'बटालियन' ने पहले दिल्ली के पैसे से पंजाब पर कब्जा किया और अब पंजाब के लोगों की मेहनत की कमाई को दूसरे राज्यों में अपने राजनीतिक हित पूरे करने के लिए खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में अपने लिए 'शीश महल' बनवाया था। लेकिन जब उन्हें दिल्ली से हटा दिया गया तो वह पंजाब में 'शीश महल-2' में रहने लगे। रेखा गुप्ता ने सवाल किया कि केजरीवाल किस हैसियत से पंजाब में रह रहे हैं और किस अधिकार से निजी जेट में यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले पंजाबियों को कथित दिल्ली मॉडल के नाम पर भ्रमित किया गया और पंजाब को कर्ज में डुबो दिया गया। पंजाब पर चढ़े पांच लाख करोड़ रुपये के कर्ज को कौन चुकाएगा, क्योंकि केजरीवाल को तो पंजाब के लोग भगा देंगे। रेखा गुप्ता ने कहा कि 12 दिनों की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से कार्रवाई करने का आह्वान है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब भर में गैंग हिंसा, लक्षित हत्याएं और असुरक्षा की भावना फैल रही है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त पंजाब यात्रा के 13वें दिन से इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू होनी चाहिए। इस मौके पर केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि यह यात्रा राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। 'आप' के साढ़े चार साल के शासन में नशा खत्म नहीं हुआ। कहावत चल पड़ी है कि पिज्जा डिलीवरी लेट हो सकती है, लेकिन चिट्टे की डिलीवरी नहीं। उन्होंने कहा कि रवनीत बिट्टू पर अंडे फेंककर, काले झंडे दिखाकर और हमारे पोस्टर फाडे र यात्रा में बाधा डालने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आप एक पोस्टर फाड़ेंगे, हम 10 लगाएंगे। लेकिन यह लहर पीछे नहीं हटेगी। इस कार्यक्रम को अन्य लोगों के अलावा पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, गेजा राम वाल्मीकि और दीदार सिंह भट्टी ने भी संबोधित किया।

धनौला में लगाया गया आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक मेडिकल कैंप

डेली आवाज भारती

धनौला। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पंजाब श्री कुमार राहुल के दिशा-निर्देशों तथा डायरेक्टर आयुर्वेद पंजाब डॉ. रमन खन्ना और डायरेक्टर होम्योपैथी पंजाब डॉ. हरिंदरपाल सिंह के आदेशानुसार, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमन कौशल तथा जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. राजीव जिंदिया की अगुवाई में गुरुद्वारा साहिब रामसर धनौला में निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप का औपचारिक उद्घाटन जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बरनाला तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञ



डॉक्टरों की टीमों ने मरीजों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया। कैंप में कुल 664 मरीजों की जांच कर उन्हें बिल्कुल निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इनमें आयुर्वेदिक विभाग की टीम द्वारा 308 तथा होम्योपैथी विभाग की टीम द्वारा 356 मरीजों की जांच की गई। आयुर्वेद विभाग की ओर से डॉ. अमनदीप सिंह एएमओ और डॉ. राकेश कुमार ने मरीजों की जांच की, दवाइयां वितरित कीं। इसी तरह होम्योपैथी विभाग की ओर से डॉ. परमिंदर पुत्र और डॉ. अमरिंदर कौर ने मरीजों का चेकअप किया, जबकि डिस्पेंसर इंद्रजीत कुमार और गुरमीत धनौला ने मरीजों को दवाइयां बांटीं। कैंप के नोडल अधिकारी अमनदीप सिंह एएमओ और गुलशन कुमार होम्योपैथी डिस्पेंसर ने कैंप में विशेष रूप से पहुंचे गांव के गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रमुख लोगों का कैंप को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

नशों के खिलाफ भाजपा की पंजाब में निकाली जा रही यात्रा एक ड्रामाः ज्ञान सिंह छत्त

डेली आवाज भारती

पंजाब, (संदीप अकालगढ़िया): पंजाब में नशों के मुद्दे को लेकर भाजपा की ओर से निकाली जा रही यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ज्ञान सिंह छत्त ने इसे पंजाब के लोगों को गुमराह करने के लिए किया जा रहा राजनीतिक ड्रामा बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी नशों की गंभीर समस्या से जूझ रही है और इस मुद्दे पर राजनीति करने की बजाय सरकारों को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि जो सरकारें सत्ता में होती हैं, उनकी जिम्मेदारी यात्राएं निकालने के बजाय नशों की सप्लाई और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करना होती है। उन्होंने सवाल किया कि यदि सरकारें नशों के खात्मे को लेकर गंभीर हैं तो नशों की सप्लाई के स्रोतों और



तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि यदि नशे दूसरे राज्यों के रास्ते पंजाब पहुंच रहे हैं तो सरकार को उन स्थानों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने गुजरात और राजस्थान का हवाला देते हुए कहा कि इन राज्यों के रास्ते पंजाब तक नशों की सप्लाई को लेकर उठ रहे सवालों का सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि पंजाब के लोगों को यह बताया जाना चाहिए कि हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थ पंजाब तक कहां से पहुंच रहे हैं, इनकी तस्करी में कौन लोग शामिल हैं और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि केवल यात्राएं निकालने या बयान देने से नशों की समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशों से बचाने के लिए नशा तस्करी की सप्लाई चेन को तोड़ना, नशों के संभावित रास्तों पर सख्त निगरानी करना तथा नशा छोड़ने वाले लोगों के लिए उपचार और पुनर्वास की सुविधाओं को मजबूत करना जरूरी है। ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि नशों जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की बजाय केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशों से बचाया जा सके।

अमृतसर में दो निहंग गुटों के बीच टकराव, एसएचओ से बदसलूकी

- रेकी के शक में युवक को रोका गया; एसएचओ ने घायल निहंग को छुड़ाया

डेली आवाज भारती

अमृतसरः शहर में दो निहंग गुटों के बीच चल रहा विवाद शुक्रवार देर शाम को उस समय बढ़ गया, जब धरने पर बैठे एक पक्ष ने मेजर सिंह पेटेवाल ग्रुप से जुड़े बताए जा रहे एक निहंग को कथित तौर पर रेकी करने के शक में रोक लिया। इसके बाद दोनों पक्षों में बहस हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ लोगों ने निहंग के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और उसे थप्पड़ भी मारे। घटना के दौरान उसकी पगड़ी उतरने की बात भी सामने आई है। हंगामे की सूचना मिलने पर थाना गेट हकीमा की एसएचओ मनजीत कौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। घायल निहंग को भीड़ से छुड़ाने के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भी खींचतान हुई। आरोप है कि बीच-बचाव के दौरान महिला एसएचओ के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। बाद में पुलिस घायल निहंग को अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। धरने पर बैठे पक्ष से जुड़े बाबा दर्शन सिंह ने आरोप लगाया कि निहंग मेजर सिंह उनके पूर्वजों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर लोगों से पैसे वसूलता है और इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली रात मेजर सिंह से जुड़े कुछ लोग वाहनों में पहुंचे और हवाई फायरिंग की। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चकवाल स्कूल में लगाए छायादार व फूलदार पौधे

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): स्वच्छता ही सेवा के तहत राज्य स्तरीय अभियान 17 सितंबर 2026 से 2 अक्टूबर 2026 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत चकवाल स्कूल में छायादार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी देते हुए बताया



गया कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी संभाल करके हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बना सकते हैं। इस अवसर पर नगर कौंसिल की स्वच्छता टीम की ओर से विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी भी दी गई तथा उन्हें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर नगर कौंसिल की स्वच्छता टीम से मैडम नीतू ढिल्लों, शेर सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कैलाश धाम में रक्तदान शिविर, 48 यूनिट रक्त एकत्र



डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): परम पूजनीय संत श्री स्वामी जी महाराज जी की स्मृति को समर्पित 16वां विशाल रक्तदान शिविर आज कैलाश धाम, नदी पार कुराली में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान रक्तदानियों में भारी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने मानवता की सेवा के लिए रक्तदान किया। शिविर में कुल 60 लोगों ने रक्तदान के लिए भाग लिया, जिनमें जांच के बाद 48 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्र किया गया, जबकि 12 लोगों का रक्त स्वास्थ्य संबंधी कारणों अथवा आवश्यक जांच के मानकों के अनुरूप न होने के कारण नहीं लिया जा सका। यह रक्तदान शिविर स्वामी शिव स्वरूप आत्मा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.), कुराली की ओर से आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लड बैंक पीजीआई, चंडीगढ़ की विशेष मेडिकल टीम द्वारा रक्तदानियों की आवश्यक जांच करने के बाद रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर रक्तदानियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने रक्तदानियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है और जरूरत के समय किसी मरीज की जान बचाने में रक्त की अहम भूमिका होती है। इस मौके पर स्वामी श्री स्वरूप जी की ओर से शिविर में पहुंचे सभी रक्तदानियों के लिए खाने-पीने की वस्तुओं का भी प्रबंध किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस समाजसेवी प्रयास में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डीपीएस मोहाली की छात्रा स्वरा भारती का राष्ट्रीय जूनियर बालिका फुटबॉल चैम्पियनशिप में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन

डेली आवाज भारती

मोहाली/नवीन काली। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), मोहाली की कक्षा ढ्ढङ्क की छात्रा स्वरा भारती का डॉ. तालिमेरन आओ जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप 2026ङ्क27 में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित की जा रही है। डीपीएस मोहाली की अंडर-17 फुटबॉल टीम की कप्तान स्वरा फुलबैक के रूप में खेलती हैं। उन्होंने प्रतिस्पर्धात्मक फुटबॉल में लगातार अपनी पहचान बनाई है। पिछले वर्ष उन्होंने अंडर-14 वर्ग में मोहाली जिले का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व किया था। स्वरा को बीएसएच आर्य फुटबॉल अकादमी, सेक्टर 78, मोहाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जहां उन्हें संजीव चौहान और राहुल शर्मा प्रशिक्षित कर रहे हैं। इस



अकादमी ने कम समय में कई ऐसे फुटबॉल खिलाड़ी तैयार किए हैं, जिन्होंने विभिन्न स्तरों पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। डॉ. तालिमेरन आओ जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप 2026ङ्क27 राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों और अन्य प्रतिभागी इकाइयों की बालिका फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के कार्यक्रम के अनुसार, चंडीगढ़ टीम अपने मुकाबले नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में खेल रही है। चंडीगढ़ के मुकाबले 15 सितंबर को सिक्किम, 17 सितंबर को एसएआई, 19 सितंबर को त्रिपुरा और 21 सितंबर को उत्तराखंड के खिलाफ निर्धारित हैं। जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप की शुरुआत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (ढ्ढस्रस्र) द्वारा 2001 में की गई थी और तब से यह देशभर की युवा महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को विकसित करने और उनकी प्रतिभा पहचानने के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच बन गई है।

2025-26 सत्र से इस चैम्पियनशिप का नाम डॉ. तालिमेरन आओ के नाम पर रखा गया है, जो नागालैंड के महान फुटबॉलर और स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पहले कप्तान थे। उन्होंने 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत की कप्तानी की थी।

एशियन गेम्स 2026 में हरियाणा से 16 प्रतिशत एथलीट्स, उम्मीद है वो जापान में तिरंगा लहराएंगे : गौरव गौतम

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़,। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने उम्मीद जताई है कि राज्य के खिलाड़ी जापान में जारी %एशियन गेम्स 2026% में भारत के लिए पदक जीतकर तिरंगा लहराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान हॉकी टीम की उस मांग पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें पड़ोसी मुल्क ने भारत के बजाय किसी तटस्थ स्थान पर मेंस हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले खेलने की मांग की है। गौरव गौतम ने कहा कि खेल को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए और खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। शनिवार को एशियन गेम्स 2026 की शुरुआत हो गई है, जिसका आयोजन जापाने के आइची-नागोया में किया जा रहा है। इसमें भारत के 501 खिलाड़ी (267 पुरुष और 234 महिला) 36 खेलों में चुनौती पेश कर रहे हैं। गौरव गौतम



को हरियाणा के खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। हरियाणा के खेल मंत्री ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, ÷पहले हरियाणा के खिलाड़ियों ने ओलंपिक में भारत के तिरंगे और मान-सम्मान को बढ़ाया। एशियन गेम में हरियाणा के 80 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कुछ खेल तो ऐसे हैं, जिसमें शत प्रतिशत हरियाणा के ही खिलाड़ी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि जब हरियाणा के खिलाड़ी खेल के मैदान में उतरेंगे तो तिरंगे को जापान में लहरा कर आएंगे। जब वो भारत लौटेंगे, तो मेडल उनके साथ होगा। नायब सिंह सैनी सरकार की खेल नीति ने हरियाणा के खिलाड़ियों का उत्साह और ऊर्जा को बढ़ाया है। जब एथलीट्स मेडल लेकर आएंगे तो हम उनका भव्यता से स्वागत होगा पूरा देश हरियाणा के खिलाड़ियों पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा, ÷कुछ खेल ऐसे हैं, जो हरियाणा की मिट्टी से जुड़े हैं। कुश्ती में सभी 16 खिलाड़ी हरियाणा से हैं। 80 से ज्यादा खिलाड़ी हरियाणा के जापान में हिस्सा लेंगे। यानी एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने जा रहे 16 प्रतिशत खिलाड़ी हरियाणा से हैं। हरियाणा की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 2 प्रतिशत है, लेकिन जब खेलों की बात आ रही है तो आधे से ज्यादा मेडल पर भी कब्जा हरियाणा का होता है। मेंस हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 पंजाब में आयोजित की जानी है, लेकिन इससे पहले पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने मोहाली में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के अपने मुकाबलों के लिए तटस्थ स्थल की मांग की है।

चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने श्री दरबार साहिब में टेका माथा

- सरबत के भले, शांति और खुशहाली के लिए की अरदास

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने शुक्रवार रात श्री दरबार साहिब पहुंचकर माथा टेका और अकाल पुरख का शुक्राना किया। चीफ जस्टिस का पद संभालने के बाद यह उनका श्री दरबार साहिब का पहला दौरा था। गुरु घर में नतमस्तक होने के दौरान जस्टिस मिश्रा ने समूची मानवता की चढ़दी कला, सुख-शांति और खुशहाली के लिए अरदास की। उन्होंने श्री दरबार साहिब के आध्यात्मिक माहौल में कुछ समय बिताया और गुरु घर की मर्यादा के अनुसार सेवा एवं श्रद्धा के साथ माथा टेका। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधियों ने चीफ जस्टिस का स्वागत किया। उन्हें श्री दरबार साहिब के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं तथा गुरु घर में चल रही विभिन्न सेवाओं के बारे में भी अवगत करवाया। जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सिख धर्म की समृद्ध परंपरा, विरासत और श्री दरबार साहिब से जुड़े इतिहास के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए प्रबंधों को जाना और यहां आने वाली संगत को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर चीफ जस्टिस ने श्री दरबार साहिब के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थान मानवता को शांति, सेवा, समानता और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गुरु घर से सभी लोगों के कल्याण और सरबत के भले की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जतिंदर कौर, सीजेएम सुप्रीत कौर, सिविल जज अमनदीप सिंह घुम्मण, अतिरिक्त कमिश्नर जय इंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों की आवाज बनें : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

डेली आवाज भारती

रोहतक हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने आज रेवाड़ी तथा महम (रोहतक) ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के सम्मेलनों में शिरकत कर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। दोनों नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। महम ब्लॉक कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि प्रत्येक कार्यकर्ता गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता से सीधा संवाद करे तथा उनके मुद्दों को मजबूती से उठाए। उन्होंने कहा कि महम सहित पूरे हरियाणा में कांग्रेस का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत से मजबूत होगा। जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता



से उठाना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना कांग्रेस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। रेवाड़ी में, कांग्रेस कार्य समिति के स्थायी सदस्य एवं सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के साथ उसके निरंतर संपर्क से मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी सहित पूरे हरियाणा के जनहित के मुद्दों को वे लगातार संसद और सार्वजनिक मंचों पर उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के हित और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दे कांग्रेस की प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनें तथा उनकी आवाज को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाएं। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार जमीनी कार्यकर्ता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनता के बीच लगातार संवाद करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्र शिक्षा, रोजगार, फीस, छात्रवृत्ति और बेहतर सुविधाओं से जुड़े अनेक सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों को मजबूती से सामने लाने के लिए 'छात्रों की गूंज' अभियान को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस सम्मेलन संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझे और उन्हें पार्टी के मंच से प्रभावी ढंग से उठाए। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश का किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। फसल, लागत, उचित मूल्य, सिंचाई तथा कृषि से जुड़ी अन्य समस्याओं पर सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। राव नरेंद्र सिंह ने धान और बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर किसानों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल पहुंचनी शुरू हो गई है, लेकिन खरीद व्यवस्था स्पष्ट नहीं होने से किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मंडियों में पर्याप्त बारदाना, खरीद केंद्र, उठान और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा किसानों की फसल की एमएसपी पर बिना देरी खरीद शुरू की जाए।

पंजाब में अकाली दल से गठबंधन पर हरदीप पुरी बोले-अगर हुआ तो बराबरी के आधार पर होगा

डेली आवाज भारती

अमृतसर । केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी शनिवार को अमृतसर पहुंचे और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर वाहेगुरु का शुक्राना किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और रोजगार मेले, देश की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा क्षेत्र, ई20 ईंधन, पंजाब में नशे की समस्या तथा अकाली दल-भाजपा के संभावित गठजोड़ समेत विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। केंद्रीय मंत्री रोजगार मेले में शामिल होने के लिए गुरु नगरी पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित रोजगार मेले के 20वें संस्करण में हिस्सा लिया। पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी रोजगार मेले को लेकर जानकारी साझा की। देशभर में 45 स्थानों पर 51 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में देश के युवा केवल बदलाव के गवाह नहीं हैं, बल्कि अपने विचारों, आकांक्षाओं और दृढ़ संकल्प के माध्यम से इस यात्रा को आगे बढ़ा



रहे हैं। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज सरकारी सेवा में प्रवेश कर रहे युवा ऐसे समय में अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जब तकनीक तेजी से शासन के तौर-तरीकों को बदल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यस्थलों में बदलाव ला रही है और डिजिटल प्लेटफॉर्म सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी कम कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश 'नागरिक देवो भवः' का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक चाहे जितनी महत्वपूर्ण हो, वह ईमानदारी और संवेदनशीलता की जगह नहीं ले सकती। सरकारी सेवा में व्यक्ति और उसकी समस्या को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

page 3_Layout 1 19-09-2026 20:05 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ रविवार, 20 सितंबर 2026

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका





डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा ने आज शाम श्री दरबार साहिब में माथा टेककर अकाल पुरख का शुक्राना अदा किया और सरबत के भले के लिए अरदास की। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार संभालने के बाद न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा का श्री दरबार साहिब का यह पहला दौरा था। उन्होंने गुरु घर में नतमस्तक होकर वाहेगुरु का शुक्राना अदा किया तथा शांति, खुशहाली और समूची मानवता की चढ़दी कला के लिए अरदास की। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के प्रतिनिधियों द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया गया। उन्हें श्री दरबार साहिब के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ यहां संचालित विभिन्न सेवाओं और प्रबंधों के बारे में जानकारी दी गई। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा ने श्री दरबार साहिब की अद्वितीय आध्यात्मिकता तथा सिख धर्म की समृद्ध विरासत से जुड़े इतिहास के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्हें श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए प्रबंधों और संगत को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सेवाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर बातचीत करते हुए न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा ने श्री दरबार साहिब की पवित्रता एवं ऐतिहासिक महत्ता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि श्री दरबार साहिब समूची मानवता के लिए शांति, सेवा, समानता और सरबत के भले का संदेश देने वाला पावन स्थल है, जहां से मानवता को भाईचारे, सद्भावना और कल्याण की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती जतिंदर कौर, सी.जे.एम. श्रीमती सुप्रीत कौर, सिविल जज श्री अमनदीप सिंह घुम्मण, अतिरिक्त आयुक्त जय इंदर सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

जिला प्रशासन की ओर से गुरुद्वारा श्री डेरा साहिब से सजाए गए नगर कीर्तन का एस.एस.पी. कार्यालय बटाला के पास भव्य स्वागत

विवाह पर्व समागम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर संगत का किया धन्यवाद



डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): गुरुद्वारा श्री डेरा साहिब से श्री गुरु नानक देव जी एवं माता सुलखणी जी के पावन विवाह पर्व को समर्पित सजाए गए नगर कीर्तन का आज देर शाम एस.एस.पी. कार्यालय बटाला के पास पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया तथा गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शैरी कलसी, आदित्य उप्पल, डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर, डॉ. मेहताब सिंह, एस.एस.पी. बटाला, श्री हरगोबिंदपुर साहिब के वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह लाडी, जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह गिल, एस.पी. नवजोत सिंह, मैडम खुशबीर कौर, एस.पी. (एच.) तथा सारंगप्रीत सिंह औजला, एस.डी.एम. बटाला सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने विवाह पर्व के समागम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर समूची संगत का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से समूचे कार्यक्रम सुचारू ढंग से संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से संगत की सुविधा के लिए उचित प्रबंध किए गए थे तथा बटाला शहर को सुंदर ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की आमद को देखते हुए यातायात और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर पंजाब पुलिस के जवानों द्वारा सलामी देकर अपनी श्रद्धा अर्पित की गई।

डिप्टी कमिश्नर आदित्य उप्पल ने विवाह पर्व समागम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर समूची संगत का किया धन्यवाद

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): श्री आदित्य उप्पल, डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर ने विवाह पर्व समागम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर समूची संगत का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से विवाह पर्व के समागम सुचारू ढंग से संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि विवाह पर्व समागमों के संबंध में जिला प्रशासन की ओर से पिछले कई दिनों से संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयारियां की गई थीं। उन्होंने स्वयं लगातार शहर का दौरा कर तथा बैठकें करके लोगों से विवाह पर्व समागमों में सहयोग करने की अपील की थी। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि समूचे जिला वासियों एवं संगत द्वारा दिए गए सहयोग के कारण ही इस महान विवाह पर्व के समागम सुचारू ढंग से संपन्न हो सके हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास रहा कि समागम के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन की इन कोशिशों को सफलता मिली और सभी के सहयोग से विवाह पर्व के समागम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस मौके पर नगर निगम बटाला के कमिश्नर गुरसिमरन सिंह ढिल्लों ने भी संगत का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोगों द्वारा दिए गए सहयोग के कारण विवाह पर्व समागम सफलतापूर्वक मनाए गए हैं। इस अवसर पर एस.डी.एम. बटाला सारंगप्रीत सिंह औजला तथा तहसीलदार अर्जन सिंह ग्रेवाल भी मौजूद थे।

नूरपुर सेठां में इफ्को द्वारा मनाया गया 'खेत दिवस'

डेली आवाज भारती



गांव नूरपुर सेठां में इफ्को द्वारा मनाए गए खेत दिवस में जानकारी देते हुए माहिर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर जिले की सहकारी समीति नूरपुर सेठां में किसान रमेश चंद के खेत में इफ्को द्वारा खेत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नूरपुर सेठां सहकारी समिति के अध्यक्ष सुखदेव राज ने की। इस अवसर पर मौजूदा सरपंच जगदीप सिंह संधू, पूर्व सरपंच भगवान सिंह सामा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से गुरदेव सिंह सिद्धू पूर्व अध्यक्ष, कोऑपरेटिव इंप्लाईज यूनियन पंजाब ने शिरकत की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गुरदेव सिंह सिद्धू ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान आईडी योजना के तहत किसानों को अपनी फार्मर आईडी जरूर बनवानी चाहिए, ताकि उन्हें सहकारी समीतियों के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेने में किसी भी तरह की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह इफ्को की नैनो खादों का अधिक से अधिक उपयोग करें और पारंपरिक खादों पर अपनी निर्भरता को कम करें। उन्होंने कहा कि नैनो खादों के उपयोग से खेती की लागत कम करने, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मद्द मिल सकती है। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकें अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। स.सिद्धू ने किसानों से इफ्को द्वारा बांटे जा रहे नीम के पौधों को अपने खेतों, घरों के आस-पास और गांव की सार्वजनिक जगहों पर लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसानों को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने इफ्को द्वारा पर्यावरण संरक्षण और किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से जोडऩे के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जानकारी देते हुए संदीप कुमार सहायक फील्ड मैनेजर इफ्को फिरोजपुर ने बताया कि किसानों को इफ्को के नवीनतम उत्पादों, जैसे कि नैनो खादों, स्पेशलिटी फर्टिलाइजर, बायो फर्टिलाइजर और वाटर-सोल्यूबल फर्टिलाइजर (डब्ल्यूएसएफ) के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आने वाले गेहूं के सीजन में किसान नैनो डीएपी का उपयोग कर सकते हैं। उनके अनुसार किसान नैनो डीएपी की लगभग 5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से बीज की ट्रीटमेंट करके गेहूं की बुवाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरीके से पारंपरिक डीएपी के उपयोग में प्रति एकड़ लगभग 20 से 25 किलो तक की बचत हो सकती है। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत किसानों को अपने आस-पास और गांव की साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया। इफ्को द्वारा किसानों को नीम के पौधे भी बांटे गए।

सीवरेज के विवाद को लेकर व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन गांव कमाले वाला में सीवरेज के विवाद को लेकर व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई कुलवंत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बलवीर सिंह पुत्र मंगल सिंह वासी गांव कमाले वाला ने बताया कि वह बीते दिन अपने घर के बाहर सीवरेज पाईप साफ कर रहा था तो बलवीर सिंह पुत्र बलदेव सिंह, राजू पुत्र मक्खन, बलदेव सिंह पुत्र मक्खन व राज कौर पत्नी अमरजीत सिंह वासी गांव कमाले वाला ने हथियारों से लैस होकर उसके साथ मारपीट की और उसके शोर मचाने पर दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे कुलवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

किसानों की मांगों को लेकर किसान यूनियन नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम डी.सी को मांगपत्र सौंपा



किसानों की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के पदाधिकारी डी.सी को सौंपे मांगपत्र संबंधी जानकारी देते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के पदाधिकारियों की तरफ से बीते दिन किसानों की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री पंजाब के नाम पर डी.सी फिरोजपुर को जगजीत सिंह डल्लेवाल राष्ट्रीय कनवीनर की अध्यक्षता में मांगपत्र सौंपा। जिसमें यूनियन नेताओं ने पंजाब में नशों की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने, इंसाफ मांगने वाले लोगों पर पुलिस की तरफ से किए जा रहे अत्याचारों को बंद करने, किसानों के आर्थिक नुकसान की भरपाई करने, चीनी के बढाऐ गए रेटों को मुख्य रखते हुए गन्ने के भाव में बढ़ौतरी करने, किसानों के कर्जा माफ करने, शंभु व खनौरी बार्डर पर किसानों के हुए नुकसान की भरपाई करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की है। इस मौके पर साहब सिंह ब्लाक प्रधान, ईकबाल सिंह जिला प्रधान, मघर सिंह गिल, बलवीर सिंह, जज सिंह व अन्य किसान नेता मौजूद थे।

अज्ञात व्यक्ति घर में खड़ा मोटरसाईकिल चोरी करके हुए फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन शहर के बावियां वाला मुहल्ले के घर से ताले तौड र अंदर खड़ा मोटरसाईकिल चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की धाराओं तह मोटरसाईकिल मालिक के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई अयूब मसीह ने ताया कि पुलिस को दिए बयान में डा.जतिन्द्र कोछड़ पुत्र सतपाल कोछड़ वासी बावियां वाला मुहल्ला फिरोजपुर सिटी ने बताया कि बीते दिन उसका घर में खड़ा मोटरसाईकिल नंबर एफ-05एई-0697 जोकि घर में खड़ा हुआ था को अज्ञात चोर घर के गेट का ताला तौड र अंदर से चोरी करके ले गए है। मामले की जांच कर रहे अयूब मसीह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्तियों पर चोरी का मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

लुधियाना से कोलकाता तक पर्सिमोन फल की रेल मार्ग द्वारा ढुलाई जारी:अधिकारी

डेली आवाज भारती



रेल में कोलकाता के लिए पर्सिमोन फल लोड करते हुए रेलवे कर्मचारी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर मंडल के बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के विशेष प्रयासों से पर्सिमोन फलों की रेल मार्ग से ढुलाई के लिए लगातर नया यातायात प्राप्त किया जा रहा है। मालूम हो कि 19 सितंबर 2026 को ट्रेन संख्या 13152 (कोलकाता एक्सप्रेस) में पहली बार लुधियाना रेलवे स्टेशन से पर्सिमोन फलों की आउटवर्ड लोडिंग सफलतापूर्व की गई।ट्रेन संख्या 13152 में लुधियाना से 128 पैकेटों में 3,180 किलोग्राम पर्सिमोन फल कोलकाता के लिए लोड किए गए। जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल की विश्वसनीय एवं समयबद्ध माल परिवहन व्यवस्था व्यापारियों को बेहतर सुविधा प्रदान कर रही है। मंडल माल यातायात बढ़ाने तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

युवक को जहरीली वस्तु पिलाने और उसके साथ की मारपीट के बाद युवक की हुई मौत

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): युवक को जहरीली वस्तु पिलाने और उसके साथ मारपीट करने के पश्चात उपचार के दौरान युवक की मौत हो जाने के मामलें में थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई वेद प्रकाश ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में परमजीत सिंह पुत्ररमेश कुमार वासी गांव मोती वाला ने बताया कि उसका भाई अकाशदीप अपनी पत्नी ज्योति को लेने के लिए बस्ती गुरु कर्म सिंह वाली में 16 सितंबर 2026 को गया था और वहां उसका ससुराल पक्ष के साथ विवाह हो गया और उन्होंने

- **पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत दर्ज किया मामला**

अकाशदीप सिंह के साथ मारपीट की। जिसके बाद वह शिकायतकर्ता की बहन निंद्र के घर गुदड़ ढंडी रोड शिंगारा सिंह के पास आ गया और उस समय वह बेसुध था और घर आकर गिर गया था। जिसको उपचार के लिए पहले गुरुहरसहाय अस्पताल में दाखिल करवाया गा औ वहां से डाक्टरों ने उसे श्री गुरु गोबिंद सिंह मैडीकल कालेज फरीदकोट में रैफर कर दिया, जहां से डिस्चार्ज होने के बाद उसे एकम नर्सिंग होम गुरुहरसहाय में दाखिल करवाया गया, जहां 18 सितंबर को उसे डाक्टरों ने जबाव दे दिया और वह जब उसे सुबह 9 बजे जलालाबाद के अस्पताल में लेकर जा रहे थे तो रास्ते में पीड़ित के भाई अकाशदीप की मौत हो गई। पुलिस को दिए बयान में परमजीत सिंह ने बताया कि उसके पास अकाशदीप की जीवत समय की एक वीडीओ उसके मोबाईल में है, जिसमें वह दोषी ज्योति पुत्री बगु, अंग्रेज सिंह पुत्र बोहड़ सिंह, अमरजीत कौर पत्नी बगु सिंह वासी बस्ती गुरु कर्म सिंह वाली और अमनदीप कौर की तरफ से उसे कोई जहरीली चीज पिलाने संबंधी बोल रहा है। इसके अलावा दोषियों ने उसके साथ मारपीट भी की। पीड़ित ने कहा कि उसी के कारण उसके भाई की उपचार के दौरान मौत हुई है।

अज्ञात व्यक्ति ग्रीन बॉक्स ट्रेडर्ज कंपनी से ऐमाजॉन की लाखों की राशि चोरी कर फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने ग्रीन बॉक्स ट्रेडर्ज कंपनी की क्षेत्रीय ब्रांच से बीती रात ऐमजॉन कंपनी की पड़ी लाखों की राशि चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत कंपनी के ऐरिया मैनेजर के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुनील कुमार ऐरिया मैनेजर ग्रीन बॉक्स ट्रेडर्ज प्राईवेट लिम.कंपनी मोहाली ब्रांच नजदीक लड़कियों का स्कूल जीरा पुत्र शमशेर सिंह वासी गली नंर 16 वार्ड नंबर 5 फतेह सिंह कालोनी गेट हकीमा वाला श्री अमृतसर साहिब ने बताया कि बीती रात अज्ञात व्यक्ति कंपनी की ब्रांच जोकि लड़कियों के स्कूल जीरा के पास स्थित है से ऐमॉजोन कंपनी की 5 लाख 92005 रुपए की राशि चोरी करके ले गए है।

स्वास्थ्य विभाग की ड्रग कंट्रोल टीम द्वारा फिरोजपुर में मेडिकल स्टोरों और गोदामों पर बड़ी छापेमारी

डेली आवाज भारती

सेहत विभाग की टीम ने करीब 43 लाख रुपये की दवाएं जब्त की



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): सिविल सर्जन फिरोजपुर डा.परमिंदर सिंह के दिशा-निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग फिरोजपुर की टीम द्वारा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत गैर-कानूनी दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस अभियान के तहत जोनल लाइसेंस अथॉरिटी लखवंत सिंह के दिशा-निर्देशानुसार ड्रग कंट्रोल अफसर फिरोजपुर सोनिया गुप्ता, ड्रग कंट्रोल अफसर फरीदकोट हरजिंदर सिंह और ड्रग कंट्रोल अफसर फाजिल्का हरिता बांसल की संयुक्त टीम द्वारा फिरोजपुर के विभिन्न मेडिकल स्टोरों और गोदामों पर अचानक छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान टीम द्वारा सबसे पहले मैर्स.पिल क्लब फिरोजपुर सिटी की चेकिंग की गई और जांच के दौरान मौके पर संबंधित फर्म के मालिक से जब दवाओं के खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड की चेकिंग की गई तो बड़ी खामियां पाई गई और संबंधित फर्म का मालिक इस बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके चलते टीम ने 5 तरह की एलोपैथिक दवाएं जब्त कीं, जिनमें 14,100 टैबलेटें और 7,920 एमटीपी किटें शामिल हैं। जब्त की गई दवाओं की कुल कीमत लगभग 30,24,380 रुपये बनती है। इसके उपरांत टीम द्वारा मैर्स आर.एस फार्मा के गोबर मंडी स्थित गोदाम में छापेमारी की गई। इस दौरान फर्म के मालिक जोकि मौके पर मौजूद थे, से स्टॉक और खरीद-बिक्री रिकॉर्ड की चेकिंग की तो यहां भी रिकॉर्ड में काफी खामियां पाई गईं। टीम द्वारा मौके पर 8 विभिन्न तरह की दवाएं जब्त की गई, जिनमें 1,511 एमटीपी किटें, 44,400 कैप्सूल और 1,569 टैबलेटें शामिल हैं। इस जब्ती की गई दवाओं की कुल कीमत लगभग 12,75,698 रुपये है। इस पूरी कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुल 42,99,978 रुपये की अनियमित दवाएं और एमटीपी किटें जब्त की है। इस दौरान सोनिया गुप्ता ड्रग कंट्रोल अफसर फिरोजपुर ने बताया कि मामले की अगली जांच जारी है और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत संबंधित फर्मों के खिलाफ उचित विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

page 4_Layout 1 19-09-2026 20:06 Page 1

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने नगर निगम कमिश्नर और निगम अधिकारियों के साथ की बैठक

सभी विकास कार्य समय अवधि के भीतर पूरे करवाए जाएं : विधायक डॉ अजय गुप्ता

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज नगर निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल, एडिशनल कमिश्नर जय इंद्र सिंह और नगर निगम के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। विधायक डॉ गुप्ता ने केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और आने वाले दिनों में शुरू हो रहे विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्य समय अवधि के भीतर पूरे करवाए जाएं। उन्होंने सचखंड श्री दरबार साहिब की ओर चार रडियल रोड , मल्टी स्टोरी आधुनिक कैरो मार्केट पार्किंग स्टैंड के प्रोजेक्ट के बारे में नगर निगम अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने इन दोनों प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के दिशा निर्देश दिए । उन्होंने झब्बाल रोड पर स्थित कूड़े के डंप की बायोरेमेडीएशन करवाने के बारे में लगाएं गए टेंडर की समीक्षा भी की और कहा कि कूड़े की बायोरेमेडीएशन करवाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि रंगला पंजाब 2 शेष रहते विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के रंगला पंजाब 3 के विकास कार्यों के टेंडर की प्रक्रिया को पूरा करके वर्क आर्डर जारी किए जाएं। ताकि इन विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करवा दिया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों की संख्या भी बढ़ाई जाए। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल ने निगम अधिकारियों को आदेश जारी किए की चल रहे सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि विकास कार्य की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करके विकास कार्य शुरू करवाए जाएं। इस मीटिंग में नगर निगम के निगरान इंजीनियर, निगम स्वास्थ्य अधिकारी, एक्सियन, एसडीओ, जे ई, सेनेटरी इंस्पेक्टर व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

6 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने 1 महिला को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन श्री मुक्तसर रोड बीड़ हरबंसपुरा के नजदीक से महिला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार की महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी महिला हेरोइन बेचने की आदि है और आज भी श्री मुक्तसर रोड बीड़ हरबंसपुरा पर खड़ी हेरोइन बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही है, यदि छापेमारी की जाए तो उसे हेरोइन सहित गिरफ्तार किया जा सकता है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके सीमा रानी पत्नी जंग सिंह वासी बीड़ हरबंसपुरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सीमा रानी पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विवाह पर्व की खुशियों में सेवा का रंग–अजीत नगर में युवाओं ने लगाया चाय-पकौड़ों का लंगर

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी और जगत माता सुलखणी जी के पावन विवाह पर्व को समर्पित बटाला की धरती पर धार्मिक श्रद्धा और सेवा भावना का सुंदर दृश्य देखने को मिला। वार्ड नंबर 46, अजीत नगर, अलीवाल रोड में क्षेत्र के युवाओं द्वारा संगत की सेवा के लिए चाय-पकौड़ों का लंगर लगाया गया। काउंसलर राजेश तुली और समाजसेवी राकेश तुली के नेतृत्व में लगाए गए इस लंगर के दौरान युवाओं ने पूरी श्रद्धा और निस्वार्थ भावना से सेवा निभाई। रात भर चली इस सेवा के दौरान विवाह पर्व समागमों में शामिल होने के लिए आने-जाने वाली संगत को गर्म चाय और पकौड़े वितरित किए गए। संगत ने लंगर ग्रहण करते हुए सेवादारों के उत्साह और सेवा भावना की सराहना की। युवाओं ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी और माता सुलखणी जी का पावन विवाह पर्व बटाला की धरती से जुड़ा ऐतिहासिक और आस्था से भरा दिवस है। इस पवित्र अवसर पर संगत की सेवा करना उनके लिए खुशी और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए युवाओं द्वारा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. सुखजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, सुखविंदर सिंह, हरपाल सिंह, राजबीर सिंह, नवराज सिंह, गुलशन, सन्नी, लवजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, पलविंदर सिंह कुंडल, डॉ. मनबीर सिंह, तरसेम सिंह, बावा ठेकेदार, सोनू, लखविंदर सिंह, डॉ. राजबीर सिंह, डॉ. हरप्रीत सिंह, प्रितपाल सिंह और प्रिंस सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

बहन के ससुराल में सामान-कपड़े लेने गए व्यक्ति को मारपीट 7 लोगों ने मारपीट कर किया जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने बीते दिन अपनी बहन के ससुराल में उसके कपड़े व अन्य सामान लेने गए व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले 7 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता दविन्द्र सिंह पुत्र रसाल सिंह वासी दीनेके ने बताया कि वह बीते दिन अपनी बहन सर्बजीत कौर के कपड़े व अन्य सामान लेने के लिए उसके ससुराल गांव लक्खोके बहराम गया था, जहां पर दोषी जसवंत सिंह पुत्र प्यारा सिंह, रणजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह, राजबीर कौर पत्नी रणजीत सिंह, सर्बजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह वासी लक्खोके बहराम ने 3 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया था। मामले की जांच कर रहे महल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

73.86 ग्राम हेरोइन सहित पुलिस ने 8 को गिरफ्तार किया

डेली आवाज भारती

गिरफ्तार दोषियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 73.86 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर एवं थाना सिटी फिरोजपुर, थाना कुलगड़ी, थाना घल्लखुर्द और थाना तलवंडी भाई में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई बलदेव राज ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सुखचैन सिंह पुत्र मेहर सिंह वासी गांव हबीब वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई रमन कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर नीरज पुत्र चरन वासी जनता प्रीत नगर फिरोजपुर शहर और जनक राज उर्फ अकाश उर्फ काशी पुत्र हंस राज वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सर्बजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कोट करोड़ कलां के नजदीक से कुलदीप सिंह उर्फ गगना पुत्र नच्छतर सिंह व गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र केवल सिंह वासी कोट करोड़ कलां को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5.50 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के हवलदार लवदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सतीऐवाला लिंक रोड से सुखविन्द्र सिंह उर्फ सुखा उर्फ काका पुत्र रणजीत सिंह वासी जलाल वाला और वंश पुत्र गुरमेज सिंह वासी गांव किलचे को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन और थाना घल्लखुर्द के ए.एस.आई रणजीत सिंह ने पुलिस टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर हरदीप सिंह उर्फ रवि पुत्र अजमेर सिंह वासी वार्ड नंबर 6 गिल रोड मुदकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.36 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में सभी दोषियों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

चब्बहाल रोड पर विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनी के खिलाफ राष्ट्र की कार्रवाई

डेली आवाज भारती



अमृतसर/के.एस. बेदी: नगर निगम अमृतसर (ष्ट्र) के म्यूनिसिपल टाउन प्लानिंग (ख्शक्र) विभाग द्वारा चब्बहाल रोड स्थित पन्नू डेयरी के नजदीक विकसित की जा रही एक अनधिकृत कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई की गई। मौके पर विकास एवं निर्माण संबंधी गतिविधियां नगर निगम द्वारा काम बंद करने के लिए बार-बार जारी की गई चेतावनियों और नोटिसों के बावजूद जारी पाई गई। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर (ष्ट्रस्ष्ट) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (ढ्ढस्) तथा अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों पर, ख्शक्र नरिंदर शर्मा की देखरेख में की गई। प्रवर्तन टीम, जिसमें ज़्शक्र वरिंदर मोहन, बिल्डिंग इंस्पेक्टर नवजोत कौर तथा अन्य स्टाफ सदस्य शामिल थे, ने मौके का निरीक्षण किया और लागू बिल्डिंग बायलॉज एवं नगर निगम नियमों का उल्लंघन कर की जा रही अनधिकृत कॉलोनी के विकास के खिलाफ कार्रवाई की। ष्ट्र अधिकारियों ने बताया कि संबंधित डेवलपर/व्यक्तियों को पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी तथा काम बंद करने के निर्देश देते हुए नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद मौके पर विकास कार्य जारी रखा गया, जिसके चलते नगर निगम द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई की गई। जनता को संभावित आर्थिक नुकसान से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा मौके पर एक सूचना बोर्ड भी लगाया गया है, जिसमें आम जनता को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि वह उक्त अनधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्लॉट की खरीद न करे तथा किसी भी प्रकार का लेन-देन या अन्य गतिविधि न करे। ष्ट्र ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कॉलोनी या संपत्ति में निवेश अथवा खरीद से पहले नागरिक उसके कानूनी दर्जे, स्वीकृतियों तथा सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त आवश्यक अनुमतियों की पूरी तरह जांच करें। नागरिकों को विशेष रूप से सलाह दी गई है कि सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक मंजूरियों की पुष्टि किए बिना उक्त स्थल पर प्लॉट न खरीदें और न ही निर्माण अथवा अन्य गतिविधि शुरू करें। ख्शक्र विभाग ने चेतावनी दी कि आवश्यक वैधानिक मंजूरियों के बिना कॉलोनी विकसित करना, भूमि का विभाजन करना, निर्माण करना अथवा किसी भी प्रकार की अन्य गतिविधि करना लागू कानूनों एवं भवन नियमों के तहत कार्रवाई को आमंत्रित करेगा। ष्ट्रस्ष्ट बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त ष्ट्रस्ष्ट डॉ. जय इंदर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को अनधिकृत कॉलोनियों एवं निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने तथा नगर निगम नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में जारी न रहने देने के निर्देश दिए हैं।

औजला बोले- 160 गांवों को मिलेगा साफ पानी



285 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन से होगी सप्लाई

डेली आवाज भारती

अजनाला। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने अजनाला क्षेत्र के मज्जूपुरा के नजदीक कद्दोवली में चल रहे वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। औजला ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को साफ और सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत करीब 160 गांवों को पानी की सप्लाई से जोड़ा जाना है, जबकि करीब 285 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिए गांवों तक पानी पहुंचाया जाएगा। औजला ने कहा कि बारिश के दौरान आने वाला गंदा पानी और कई इलाकों में भूजल की खराब गुणवत्ता ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या है। पीने के पानी की खराब गुणवत्ता का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। ऐसे में साफ पानी की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के लिए जो प्रयास उनके स्तर पर संभव हैं, वे लगातार किए जा रहे हैं। औजला बोले- तीन ब्लॉकों के करीब 160 गांव होंगे कवर सांसद ने बताया कि यह परियोजना करीब तीन ब्लॉकों के गांवों को कवर करेगी और इसके माध्यम से लगभग 160 गांवों तक पानी की सप्लाई पहुंचाने की योजना है। परियोजना में वाटर ट्रीटमेंट के साथ सप्लाई रिजर्वायर, टैंक और अन्य ढांचा तैयार किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर काम पूरा हो चुका है।

अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन साइक्लिंग स्टेट लीग-ट्रैक' का अमृतसर में शानदार आगाज़; महिला साइकिलिस्टों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

खेल बेटियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए मजबूत मंच प्रदान करते हैं: डॉ. जसबीर सिंह संधू

डेली आवाज भारती





अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : पंजाब में महिला साइक्लिंग को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने तथा प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जी.एन.डी.यू.), अमृतसर के साइक्लिंग वेलोड्रोम में दो दिवसीय 'अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन साइक्लिंग स्टेट लीग-ट्रैक 2026-27' का आज शानदार आगाज़ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अमृतसर पश्चिमी के विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं, विशेषकर लड़कियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, दृढ़ता और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए अधिक से अधिक अवसर और अनुकूल खेल वातावरण मिलना चाहिए। 'अस्मिता' जैसे खेल आयोजन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। डॉ. संधू ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन निरंतर मेहनत, अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही किसी खिलाड़ी को उच्च स्तर तक पहुंचाता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग ले रही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और महिला साइक्लिंग को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब के अध्यक्ष चरणजीत सिंह धालीवाल ने बताया कि 18 और 19 सितंबर को आयोजित की जा रही इस दो दिवसीय स्टेट लीग में वूमेन एलीट और जूनियर वर्ग की खिलाड़ी विभिन्न ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं राज्य में नई साइक्लिंग प्रतिभाओं की पहचान करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। पहले दिन के परिणामों की जानकारी देते हुए साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब के महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि वूमेन एलीट वर्ग के 1 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में अमृतसर की जपनूर कौर रंधावा ने स्वर्ण, गुरदासपुर की एकदीपजोत कौर ने रजत और अमृतसर की जपनूर कौर संधू ने कांस्य पदक हासिल किया। जूनियर वर्ग के 1 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में अमृतसर की पलकप्रीत कौर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अमृतसर की जपनीत कौर ने रजत और लुधियाना की तरनवीर कौर ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी तरह वूमेन एलीट वर्ग की 200 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में भी अमृतसर की जपनूर कौर रंधावा ने अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। अमृतसर की अर्शप्रीत कौर ने रजत और जपनूर कौर संधू ने कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग की 200 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में अमृतसर की पलकप्रीत कौर ने स्वर्ण, लुधियाना की तरनवीर कौर ने रजत और अमृतसर की जपनीत कौर ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा, जूनियर वर्ग के 3 किलोमीटर इंडिविजुअल परस्यूट में भी अमृतसर की पलकप्रीत कौर ने अपना दबदबा कायम रखते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रीति ने रजत और अमृतसर की जपनीत कौर ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रकार पलकप्रीत कौर ने पहले दिन तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि जपनूर कौर रंधावा ने वूमेन एलीट वर्ग में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ पंजाब का मुख्य लक्ष्य महिला साइक्लिंग को जमीनी स्तर से मजबूत करना, अधिक से अधिक लड़कियों को साइक्लिंग से जोड़ना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लीग खिलाड़ियों को नियमित प्रतिस्पर्धा का अनुभव देने के साथ-साथ उनमें बड़े लक्ष्य हासिल करने का आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं। उन्होंने बताया कि लीग के दौरान टाइम ट्रायल, स्प्रिंट, कीरिन रेस, इंडिविजुअल परस्यूट और स्क्रैच रेस सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

अमृतसर सहित पंजाब में कानून-व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी बेखौफ, पुलिस की नाक के नीचे दे रहे वारदातों को अंजाम: जगमोहन राजू

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल): गुरुनगरी अमृतसर में दो पुलिस अधिकारीयों तथा पुलिस स्टेशन से महज 50 गज की दूरी पर सरेआम हुए एक नौजवान की हत्या मामले को लेकर भाजपा पंजाब के पूर्व महासचिव डॉ. जगमोहन सिंह राजू (रिटा. आईऐएस) ने पंजाब की आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा उनकी सरकार की कार्यशैली पर सवाल खे करते हुए हुए कहा कि जब से पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी, माफिया तथा गैंगस्टर बे ै और बेलगाम हो चुके हैं। सरकार या पुलिस का उन्हें कोई डर नहीं है। जगमोहन राजू ने कहा कि बीते कल भगतांवाला दाना मंडी के पास गेट हकीमा पुलिस स्टेशन के तहत PCR में पोस्टेड ,स्ढ्ढ हरजीत सिंह की मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी गई तथा उससे पहले अजनाला के पास एक पुलिस अधिकारी को रात में गोली मार दी गई। दूसरी तरफ कोट खालसा पुलिस पोस्ट से सिर्फ 50 मीटर की दूरी पर एक 25 साल के साहिल गिल, जो कि ज़ोमैटो डिलीवरी मैन के तौर पर काम करता था और अपने घर से महज 40 कदम दूर था, कि अज्ञात स्कूटर सवारों ने सीने में गोली मार कर हत्या कर दी। इतना ही नहीं तरनतारन के किड-जी स्कूल के बाहर तीन बार गोलीबारी की घटना हो चुकी है, लेकिन आरोपी अभी पुलिस की पहुँच से दूर हैं। अपराधी इतने बे ै हैं कि वह पुलिस, थानों या अन्य सरकारी संस्थानों पर भी हमला करने से नहीं डरते। राजू ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन में अमृतसर सहित पूरे पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ते अपराध, हत्याओं, डकैती, फिरौती और आए दिन हो रही आपराधिक घटनाओं ने आम जनता का जीना दूभर हो गया है। पंजाब में अब कोई भी नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। धर्मनगरी अमृतसर, जो कि विश्वभर में शांति और आस्था का प्रतीक है, आज अपराधियों का गे बनती जा रही है। आए दिन हो रही गोलीबारी, फिरौती और लूटपाट की वारदातों ने व्यापारियों और आम नागरिकों के मन में खौफ का माहौल पैदा कर दिया है।

जीरा पुलिस ने 3 ग्राम हेरोइन व नशा करने वाले सामान सहित 4 को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी एवं सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में 4 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन एवं नशा करना वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव चब्बा के नजदीक से दोषी बलदेव सिंह उर्फ सेवक पुत्र जगतार सिंह वासी गांव लोहके कलां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले में थाना सिटी के एस.आई सतवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त वचैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नजदीक नशा करते हुए विक्रम उर्फ सोनू पुत्र राधा क्रिशन, विशाल बावा उर्फ पीता पुत्र परमजीत सिंह वासी घोड़ा मुहल्ला जीरा व नवजोत सिंह उर्फ कुमार वासी मुल्ला जट्टा वाला जीरा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 पत्नी हेरोइन लगी, लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामलों की जांच कर रहे गगनप्रीत सिंह व सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में सभी दोषियों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

एडवोकेट धामी ने थाईलैंड में एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति के सिर से पगड़ी हटाने की निंदा की

कहा, विदेशों में सिखों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना संबंधित सरकारों का दायित्व

डेली आवाज भारती



अमृतसर/ के.एस. बेदी। थाईलैंड में एक बुजुर्ग व्यक्ति की पिटाई और उनकी पगड़ी उतारने के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बताया है। अधिवक्ता धामी ने कहा कि जानबूझकर एक बुजुर्ग सिख की पगड़ी का अपमान करना और उसी से उनकी पिटाई करना सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि पगड़ी सिख पहचान और सम्मान का प्रतीक है, इसलिए इसके साथ किसी भी प्रकार का अपमानजनक कृत्य सिख भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री से इस मामले को थाई सरकार के साथ कूटनीतिक रूप से उठाने का आग्रह किया और संबंधित थाई अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने की अपील की।

अधिवक्ता धामी ने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से अपील की कि वे थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से इस मामले का संज्ञान लें और पीड़ित को आवश्यक कानूनी और कांसुलर सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विदेश में रहने और यात्रा करने वाले सिखों की सुरक्षा, धार्मिक पहचान और सम्मान सुनिश्चित करना संबंधित सरकारों का दायित्व है।

page 5_Layout 1 19-09-2026 18:36 Page 1

वार्ड नंबर 6 में गली नंबर 4 के विकास कार्य का शुभारंभ

मोहल्ला निवासियों ने परमिंदर सिंह गोल्डी व प्रभजोत सिंह खालसा का जताया आभार

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): वार्ड नंबर 6 के ओल्ड माता गुजरी एन्क्लेव क्षेत्र में गली नंबर 4 के विकास कार्य का आज शुभारंभ किया गया। विकास कार्य शुरू होने पर गली एवं मोहल्ला निवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी का विशेष रूप से धन्यवाद किया। मोहल्ला निवासियों ने कहा कि वार्ड नंबर 6 में पिछले कई दशकों से रुके हुए गली-मोहल्लों के विकास कार्य अब शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी की अगुवाई में क्षेत्र की विकास संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के प्रयास किए जा रहे



हैं। इस अवसर पर मोहल्ला निवासियों की ओर से समाजसेवी सरदार प्रभजोत सिंह खालसा का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया गया तथा उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आम आदमी पार्टी वार्ड नंबर 6 की समूची टीम को भी सरदार कश्मीर सिंह, राजिंदर गुलाटी तथा श्री सुभाष शर्मा की ओर से सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। मोहल्ला निवासियों ने पंजाब सरकार, सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी, सरदार प्रभजोत सिंह खालसा, एसडीएम साहिब, नगर परिषद के ईओ तथा उन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस विकास कार्य को सिरे चढ़ाने में वार्ड निवासियों का सहयोग किया। इस मौके पर श्री सुभाष शर्मा, सरदार कश्मीर सिंह, राजिंदर गुलाटी, सरदार गुरदीप सिंह (खजांची, गुरुद्वारा माता गुजरी), सरदार जसवंत सिंह जंडोरिया, सरदार जसप्रीत सिंह संधू, सुरेश शर्मा, गोपाल दास, श्री पवन कुमार, सरदार अवतार सिंह सैनी, बीबी गुरप्रीत कौर, श्रीमती आरती देवी तथा श्रीमती गुलाटी सहित अन्य मोहल्ला निवासी उपस्थित थे।

गुरदासपुर रोड पर युवक को लगी गोली, हालत गंभीर—अमृतसर रेफर

मौके से पिस्तौल बरामद, गोली खुद चलने की संभावना; पुलिस द्वारा मामले की गहनता से जांच

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): स्थानीय गुरदासपुर रोड पर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने की घटना सामने आई। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल बटाला पहुंचाया गया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गुरु नानक देव अस्पताल, अमृतसर रेफर कर दिया। घटना संबंधी जानकारी देते हुए थाना सिविल लाइन के एस.एच.ओ. लखविंदर सिंह ने



बताया कि पुलिस को गुरदासपुर रोड पर गोली चलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां एक युवक गोली लगने के कारण गंभीर घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के दौरान एक पिस्तौल भी बरामद की है। एस.एच.ओ. ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान यह संभावना सामने आ रही है कि गोली युवक की ओर से ही चली हो सकती है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गोली जानबूझकर चलाई गई या किसी अन्य कारण से अचानक चल गई। पुलिस द्वारा घटना के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घायल युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। वहीं, सिविल अस्पताल बटाला के डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत अमृतसर रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा घटना के वास्तविक कारणों और गोली चलने की परिस्थितियों संबंधी तथ्य जुटाए जा रहे हैं।

नगर परिषद कुराली ने चलाया कूड़ा-मुक्त शहर जागरूकता अभियान

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): नगर परिषद कुराली की ओर से शहर को साफ-सुथरा एवं कूड़ा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज कुराली के मुख्य बाजार में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर परिषद अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके के नेतृत्व तथा कार्यकारी अधिकारी और सभी पार्षदों की देखरेख में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्षद डॉ. अश्वनी कुमार, पार्षद रमाकांत कालिया, पूर्व पार्षद वनीत कालिया, पार्षद धीरज हैप्पी धीमान, पार्षद राजेश राठौर, सैनिटरी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और मोटिवेटर मोनिका रानी सहित नगर परिषद की टीम ने दुकानदारों एवं आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान दुकानदारों और



शहरवासियों से अपील की गई कि कूड़ा सड़कों, गलियों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए और कूड़ा निर्धारित कूड़ेदान में ही डाला जाए।

लोगों को अपना घरेलू एवं दुकानों का कूड़ा नगर परिषद के कूड़ा एकत्रित करने वाले कर्मचारियों को सौंपने के लिए भी प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान मुख्य बाजार की विभिन्न दुकानों पर स्वच्छता संबंधी जागरूकता पोस्टर लगाए गए। साथ ही दुकानदारों को अपनी दुकानों तथा आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। नगर परिषद की ओर से शहरवासियों से अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा गया कि सामूहिक प्रयासों से ही कुराली को स्वच्छ, सुंदर एवं कूड़ा-मुक्त शहर बनाया जा सकता है। शहर की स्वच्छता बनाए रखने में नगर परिषद के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है।

पीएयू के बाहर रवनीत बिट्टू का विरोध प्रदर्शन, मुख्यमंत्री भगवंत मान पर साधा निशाना

डेली आवाज भारती

लुधियाना। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कार्यक्रम से पहले भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को विश्वविद्यालय के गेट नंबर-8 के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उपलब्ध विवरण के अनुसार, बिट्टू अपने हाथ में शराब की बोतल के साथ अंडे और टमाटर भी लेकर पहुंचे और इसे प्रतीकात्मक विरोध बताया। बिट्टू ने मुख्यमंत्री मान पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की बागडोर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के हाथों में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शराब की बोतल को लेकर भी मुख्यमंत्री पर राजनीतिक टिप्पणी की। ये बयान बिट्टू के राजनीतिक आरोप और व्यंग्यात्मक टिप्पणी थे। बिट्टू ने शुक्रवार को बटाला के पास अपने काफिले पर अंडे और टमाटर फेंके जाने की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके काफिले को निशाना बनाया गया और कुछ प्रदर्शनकारी आम आदमी पार्टी से जुड़े थे। हालांकि इन आरोपों पर अलग-अलग पक्षों के दावे सामने आए हैं और मामले की जांच पुलिस के स्तर पर हुई। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' का विरोध कर रही है और कई जगह काले झंडे दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए और किसी भी यात्रा या कार्यक्रम में बाधा नहीं डाली जानी चाहिए। क्र में मुख्यमंत्री भगवंत मान का कार्यक्रम किसान मेले से जुड़ा था। इससे एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में कृषि, सिंचाई और किसानों से संबंधित योजनाओं को लेकर संबोधन किया था।

एमसी कुराली में तिरंगा फहराना देशभक्ति की भावना का प्रतीकः जगमोहन सिंह कंग

कुराली में बिना भेदभाव के विकास करवाना कमेटी का फर्ज

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): ांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि वह अचानक नगर परिषद कुराली पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि नवनिर्वाचित कमेटी की ओर से अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके के नेतृत्व में एमसी कार्यालय में 100 फुट ऊंचा शानदार तिरंगा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यह नवनिर्वाचित कमेटी की सकारात्मक सोच, नेक नीयत, सेवा भावना तथा देश और तिरंगे के प्रति प्रेम, सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को दर्शाता है। इसके लिए कमेटी की सोच और कार्यशैली प्रशंसा एवं बधाई की पात्र है। पूर्व मंत्री कंग ने कहा कि कमेटी



की ओर से विकास कार्य शुरू करने से पहले राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करना देश, संविधान और शहर के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अब कमेटी को सभी को साथ लेकर शहर में जनहित से जुड़े प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी, सीवरेज व्यवस्था, कजौली वाटर वर्क्स से पानी की सप्लाई लाना, साफ-सफाई तथा सभी वार्डों में लंबे समय से रुके हुए विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाना कमेटी का फर्ज बनता है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों को समान प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके, एमसी धीरज धीमान (हैप्पी), एमसी अश्वनी शर्मा, बब्बा मोरिंडा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

घर में घूसकर व्यक्ति को तेजधार हथियारों से हमला कर किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर में घर में दाखिल होकर व्यक्ति को तेजधार हथियारों से हमला करके जख्मी करने वाले 4 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता अकाश पुत्र मक्खन वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर जिला फिरोजपुर ने बताया कि वह बीती 15 सितंबर को जब अपने घर में बैठा खाना खाने लगा तो उसके घर के मैन दरवाजा खुला होने के कारण दोषी सुनील तेजी, सोनी पुत्र गाबा, अन्नी उर्फ गैवी पुत्र काजी व अमन पुत्र सारज वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर उसके घर में तेजधार हथियारों से लेस होकर घूस आए और दोषियों ने आते हुए उस पर हमला कर दिया और बुरी तरह से जख्मी करने के बाद वहां से फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित को उपचार के लिए मैडीकल कालेज फरीदकोट में दाखिल करवाया गया है। मामले की जांच कर रहे गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज वेरका में एआई और एआई एजेंट्स पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के प्रत्यक्ष प्रबंधन के अधीन संचालित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज वेरका के प्लेसमेंट सेल द्वारा भारत केयर्स और आईबीएम स्किल्स के सहयोग से ÷एआई और एआई एजेंट्स÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुई। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करना था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुखप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व और इससे जुड़े रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन और वर्ष 2030 तक 50 लाख भारतीय युवाओं को एआई में दक्ष बनाने के



आईबीएम के लक्ष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को उभरती प्रौद्योगिकियों से जोड़ने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत केयर्स की विनीता त्रिपाठी ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई और एआई एजेंट्स की कार्यप्रणाली, विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुप्रयोगों तथा उनकी भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े रहकर अपने कौशल को विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यशाला का आयोजन कॉलेज विकास परिषद की डीन डॉ. सरोज अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. रुपिंदर प्रीत कौर ने कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को आईबीएम स्किल्सबिल्ड प्लेटफॉर्म पर निःशुल्क पंजीकरण का अवसर प्रदान किया गया। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवा क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में 1,000 से अधिक पाठ्यक्रम कर सकते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं।समापन अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. मनजीत कौर और डॉ. जतिंदर कौर ने मुख्य अतिथि विनीता त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया।

चंडीगढ़ में टैक्सी चालक का शव मिला, शरीर पर चाकू के निशान; हत्या की आशंका

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़: शहर में 31 वर्षीय टैक्सी चालक विजय कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह उसका शव सेक्टर-38 के पास सड़क किनारे मिला। पुलिस के अनुसार, शरीर पर चाकू से चोट के निशान पाए गए हैं, जिसके चलते मामले की जांच हत्या की आशंका को ध्यान में रखकर की जा रही है। मृतक की पहचान मोहाली के कुराली निवासी विजय कुमार के रूप में हुई है। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। विजय किराए पर टैक्सी चलाता था। जिस वाहन को वह चला रहा था, वह गांव लोहा निवासी प्रदीप का बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, विजय शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे खरड़ से टैक्सी लेकर निकला था। इसके बाद वह किन स्थानों पर गया और किन लोगों के संपर्क में रहा, इसका पता लगाया जा रहा है। शुक्रवार देर रात करीब 12:20 बजे विजय की टैक्सी सेक्टर-56 में लावारिस हालत में खड़ी मिली। वाहन के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। पुलिस ने टैक्सी को कब्जे में लेकर जांच शुरू की और चालक की तलाश की गई। शनिवार तड़के पुलिस कंट्रोल रूम को सेक्टर-38 के पास शव पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद मलोया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलदेव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और घटनास्थल की वीडियोग्राफी करवाई गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-16 स्थित अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और परिवार को सूचना दे दी गई है। टैक्सी मालिक प्रदीप के बयान भी दर्ज किए गए हैं।

खरड़ के नए बस टर्मिनल को अमलीजामा पहनाने के लिए परमिंदर सिंह गोल्डी ने एस.डी.एम. व अधिकारियों के साथ की बैठक

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): खरड़ शहर की बढ़ती आबादी और लोगों की यातायात संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हलका खरड़ के इंचार्ज एवं चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड, पंजाब परमिंदर सिंह गोल्डी ने एस.डी.एम. कार्यालय खरड़ में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नए बस टर्मिनल की योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान नए बस टर्मिनल के तैयार किए जा रहे प्रारूप पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावित बस टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना पर चर्चा हुई। इसमें फायर स्टेशन, सरकारी कार्यालय, ऑडिटोरियम तथा मल्टी-लेवल पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि खरड़ एक महत्वपूर्ण और तेजी से विकसित हो



रहा शहर है। शहर में एक व्यवस्थित एवं आधुनिक बस टर्मिनल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि नया बस टर्मिनल शहर की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से तैयार किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को यातायात के साथ-साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं भी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को बस टर्मिनल के प्रारूप तथा अन्य आवश्यक योजनाबंदी से संबंधित प्रक्रिया में तेजी लाने और परियोजना को जल्द से जल्द अमली रूप देने के लिए कहा। इस अवसर पर एस.डी.एम. खरड़ गुरमीत सिंह, कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया, नगर परिषद का कार्यालय स्टाफ, तहसीलदार हरमिंदर सिंह घोलिया, बी.डी.पी.ओ. महक मीत सिंह, ए.एम.ई. जतिंदर सिंह तथा आर्किटेक्ट आशीष बंसल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में तलाशी के दौरान 10 मोबाईल फोन बरामद

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में जेल अधिकारियों व कर्मचारियों की तरफ से चलाए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद बरामद किए गए 10 मोबाईल फोन के मामले में जेल अधिकारी के बयान पर 10 कैदियों व हवालातियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सहायक सुपरिटेंडेंट ने बताया कि उन्होंने बीते दिन जेल में साथी कर्मचारियों के साथ मिलकर चलाए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालाती लखवीर सिंह पुत्र नच्छतर सिंह, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरी पुत्र चन्न सिंह, सुखदेव सिंह उर्फ सुखा पुत्र पप्पू सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र राणा सिंह, कैदी दलेर सिंह पुत्र मलूक सिंह, हवालाती गुरजंट सिंह उर्फ जंटा पुत्र जरनैल सिंह, मनीश उर्फ राहुल पुत्र विजय, सौरव उर्फ लुहाडा पुत्र सुभाष उर्फ तोशा, राजन पुत्र काला व जज पुत्र सुरजीत सिंह से 3 टच सक्रीन और 7 की-पेड वाले मोबाईल फोन बरामद किए है।

लोक हित मिशन ने शिरोमणि कमेटी सदस्य चावला मामले में अध्यक्ष धामी से मांगा इस्तीफा

श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से भी संबंधित आरोपों की जांच व कार्रवाई की अपील

डेली आवाज भारती

माजरी, (संदीप अकालगढ़िया): श्री आनंदपुर साहिब की सराय में रह रही एक विदेशी महिला द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य चावला सहित कुछ अन्य नेताओं पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर लोक हित मिशन के नेताओं ने शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी से इस्तीफे की मांग की है। मिशन नेताओं ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से भी मामले का संज्ञान लेकर संबंधित आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है। इस संबंध में मिशन के नेताओं गुरमीत सिंह सैंटू, रविंदर सिंह बजिदपुर, भगत सिंह भगत



माजरा और मनदीप सिंह खिजराबाद ने जारी प्रेस बयान में कहा कि उनके अनुसार संबंधित मामले की जानकारी होने के बावजूद इसे दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी महिला को कथित तौर पर लंबे समय तक सराय में कमरा, वाहन और ड्राइवर उपलब्ध करवाया गया तथा मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू होने के बावजूद इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं होने दी गई। मिशन नेताओं ने दावा किया कि मामले से जुड़े तथ्यों की पूरी जांच होनी चाहिए तथा यदि किसी व्यक्ति द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब की मर्यादा या गुरुधामों की व्यवस्था का उल्लंघन किया गया है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष को अपनी जिम्मेदारी के संबंध में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से अपील की कि मामले में सामने आए आरोपों का संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्तियों को बुलाकर जांच की जाए और दोष सिद्ध होने पर सिख मर्यादा के अनुसार कार्रवाई की जाए।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 19-09-2026 20:09 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का

दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं रणवीर-दीपिका

सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचकर लिया बप्पा का आशीर्वाद

मुंबई। बॉलीवुड के पॉपुलर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जल्द ही दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। गणेशोत्सव पर शुक्रवार को दोनों मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे और भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया। इस दौरान दोनों ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। दीपिका बेबी बंप के साथ काफी सावधानी से चलती दिखीं, जबकि रणवीर भीड़ के बीच से तेजी से आगे बढ़ते हुए उनके पास पहुंचे। मंदिर के लिए दीपिका ने हॉट ऑरेंज, जंगल ग्रीन और पर्पल शेड्स के कॉम्बिनेशन वाला मैटरनिटी एथनिक आउटफिट चुना। वहीं, रणवीर पर्पल कलर के कुर्ते और वाइट पायजामे में नजर आए। दोनों का लुक सिंपल था, लेकिन फेस्टिवल के लिए बिल्कुल परफेक्ट था।

मंदिर के बाहर रणवीर और दीपिका को देखने के लिए काफी लोग मौजूद थे। दीपिका बेबी बंप



के साथ सावधानी से आगे बढ़ती हुई दिखीं। इसी दौरान रणवीर भीड़ को पार करते हुए तेजी से आगे बढ़े और दीपिका के साथ आकर चलने लगे। दोनों ने मंदिर में भगवान गणपति के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। सिद्धिविनायक मंदिर जाने से एक दिन पहले रणवीर सिंह मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने भी पहुंचे थे। गुरुवार रात वह करी रोड इलाके में स्थित नवसाचा गणपति के दर्शन करने गए। इस दौरान रणवीर क्रीम कलर के कुर्ते में नजर आए थे और उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया।

रणवीर और दीपिका अपने दूसरे बच्चे के स्वागत का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले सितंबर 2024 में दोनों एक बेटी के माता-पिता बने थे। उन्होंने बेटी का नाम दुआ रखा। कपल ने दुआ को अब तक ज्यादातर मीडिया और पब्लिक की नजरों से दूर रखा है और सोशल मीडिया पर भी उसकी कुछ ही झलकियां शेयर की हैं। सितंबर 2026 में दुआ के दूसरे जन्मदिन के मौके पर रणवीर और दीपिका ने बेटी की शुरुआती दिनों की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में दीपिका की मैटरनिटी शूट की झलक देखने को मिली थी। इससे पहले अप्रैल 2026 में कपल ने अपने दूसरे बच्चे के आने की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। रणवीर और दीपिका ने नवंबर 2018 में शादी की थी। दोनों ने इटली के लेक कोमो में करीबी लोगों की मौजूदगी में शादी की। शादी की रस्में कोंकणी हिंदू और सिख आनंद कारज परंपरा के अनुसार हुई थीं।

प्रियंका चोपड़ा ने निक जोनस का जन्मदिन खास अंदाज में मनाया

फिल्म वाराणसी में जल्द नजर आएगी प्रियंका



प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति निक जोनस के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर अनदेखी तस्वीरें और एक खास वीडियो साझा किया। इस वीडियो में निक पियानो बजाते और बेटी मालती मैरी गाना गाती नजर आ रही हैं। वहीं प्रियंका की मां मधु चोपड़ा ने भी निक को बेटे जैसा बताते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जल्द ही फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी। फिल्मों के अलावा प्रियंका अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब वह अपने पति निक जोनस के जन्मदिन को लेकर सुर्खियों में हैं। प्रियंका ने निक के खास दिन को बेहद प्यारे अंदाज में मनाया और सोशल मीडिया पर उनके साथ बिताए कई अनदेखे पल साझा किए। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर निक जोनस के साथ कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। पहली तस्वीर में प्रियंका निक के गाल पर प्यार से किस करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा दोनों गोल्फ खेलते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। कुछ तस्वीरों में निक रेस्टोरेंट और अपनी यात्रा वाली बस में नजर आए। टीवीशो स्ट्रीम हालांकि, इस पोस्ट का सबसे प्यारा हिस्सा आखिर में देखने को मिला। प्रियंका ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें निक पियानो बजाते नजर आ रहे हैं। वहीं उनकी बेटी मालती मैरी रिहाना का मशहूर गाना 'डायमंड्स' गाती दिखाई दे रही हैं। मालती खुशी से पैर हिलाते हुए गाने का मजा ले रही हैं। इस दौरान निक पियानो बजाकर अपनी बेटी को आराम से गाने का मौका दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ निक को जन्मदिन की बधाई दी और परिवार की सभी इच्छाएं पूरी करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक उस इंसान को, जो हर दिन हमारे सभी सपनों को पूरा करता है। हम आपसे प्यार करते हैं गागा। आवाज चालू करें।'प्रियंका की मां मधु चोपड़ा ने भी सोशल मीडिया पर अपने दामाद निक जोनस को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने निक के साथ अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं और उन्हें सिर्फ दामाद नहीं, बल्कि बेटे जैसा बताया। फिल्मकोर्स चुनें मधु चोपड़ा ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक निक। मैं बहुत खुश हूं कि आप हमारे परिवार का हिस्सा हैं। आप सिर्फ मेरे दामाद नहीं हैं, बल्कि मेरे लिए एक बेटे जैसे हैं। आपकी अच्छाई, मेहनत और हमारे परिवार के लिए आपका प्यार मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आपको ढेर सारी खुशियां, प्यार और वह सब मिले जिसके आप हकदार हैं।'

THE REVOLUTIONARIES के लिए रोहित सराफ ने 15 महीने की कड़ी ट्रेनिंग की

अभिनेता रोहित सराफ अपनी नई वेब सीरीज़ 'द रेवोल्यूशनरीज' को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज़ में वह स्वतंत्रता सेनानी सचिंद्रनाथ सान्याल का किरदार निभा रहे हैं। इस किरदार के लिए रोहित ने अपने शरीर को बदलने के लिए करीब 15 महीने तक कड़ी मेहनत और ट्रेनिंग की। इसके अलावा उन्होंने लगभग 3 महीने तक मल्लखंब और कुश्ती जैसी कलाओं की ट्रेनिंग भी ली। रोहित ने बताया कि जब वह पहली बार निर्देशक निखिल आडवाणी से मिले, तो उन्होंने रोहित से कहा था कि उनका शरीर हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट जैसा होना चाहिए, जैसा कि फिल्म Fight Club में दिखता है। रोहित



ने कहा, ÷मैं पहले से एक्टिव और फिट था, लेकिन मैं Fight Club वाले ब्रैड पिट जैसा बिल्कुल नहीं था। इसलिए उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने शरीर को निर्देशक की कल्पना के मुताबिक बनाना थी। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग काफी कठिन और थकाने वाली थी। वह अपनी ट्रेनिंग के वीडियो लगातार निखिल आडवाणी को भेजते थे। रोहित को सबसे ज्यादा अच्छा यह देखकर लगा कि धीरे-धीरे ट्रेनिंग की वजह से उनके शरीर का लुक और चलने-फिरने का तरीका दोनों बदल रहे थे। 'द रेवोल्यूशनरीज' भारत के स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर बनी सीरीज़ है। इसमें रोहित सराफ के साथ भुवन बाम, प्रतिभा रांटा, गुरफतेह पीरजादा, जेसन शाह, पाओली डैम और तोता रॉय चौधरी भी नजर आ रहे हैं। यह सीरीज़ Amazon Prime Video पर स्ट्रीम हो रही है।

फिल्मों में रिश्तों, दर्द और जिंदगी की सच्चाई को उतारने वाले महेश भट्ट की जिंदगी भी है 'फिल्मी'

मुंबई। हिंदी सिनेमा में कुछ फिल्मकार ऐसे रहे हैं जिन्होंने सिर्फ फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि अपनी कहानियों के जरिए समाज, रिश्तों और इंसानी भावनाओं को पर्दे पर उतारा। महेश भट्ट भी ऐसे ही निर्देशकों में शामिल हैं। करीब पांच दशक लंबे फिल्मी सफर में महेश भट्ट ने %सारांश% जैसी गंभीर फिल्म हो या %आशिकी% जैसी रोमांटिक कहानी, उन्होंने हर बार दर्शकों के दिलों पर अलग छाप छोड़ी। 20 सितंबर 1948 को मुंबई में जन्मे महेश भट्ट का बचपन आसान नहीं था। पिता नानाभाई भट्ट भी फिल्म निर्माता थे, लेकिन उन्होंने महेश की मां शिरीन




मोहम्मद अली से शादी नहीं की थी। इस वजह से महेश भट्ट को तानों का सामना करना पड़ता था। घर की आर्थिक हालत भी अच्छी नहीं थी। इन सबके चलते महेश भट्ट ने ठान लिया था कि वे जिंदगी में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे। महेश भट्ट का फिल्म इंडस्ट्री में खास संपर्क नहीं था, लेकिन फिल्मों के प्रति उनका जुनून उन्हें महबूब स्टूडियो तक ले गया। महेश भट्ट ने स्टूडियो में काम पाने के लिए झूठ बोला। उन्होंने कहा कि वह फिल्म निर्देशक राज खोसला को जानते हैं। जब उनसे सच पूछा गया, तो उन्होंने झिझकते हुए सब कुछ बता दिया। इस पर राज खोसला ने उनकी ईमानदारी को सराहा और अपनी टीम में उन्हें असिस्टेंट बना लिया। यहीं से महेश भट्ट के फिल्मी करियर की असली शुरुआत हुई थी।

जन्मदिन पर रियल स्टार उपेंद्र का दिखा अब तक का सबसे खतरनाक अवतार

'ज़ॉम्बी रेड्डी 2 एनएक्सटी एलवीएल' से फर्स्ट लुक ने मचाई हलचल

मुंबई सुपरहीरो तेजा सज्जा, जिन्होंने 'हनुमैन' और 'मिराई' के साथ पैन-इंडिया लेवल पर अपनी धाक जमाई है, फिलहाल 'ज़ॉम्बी रेड्डी' की दूसरी किस्त 'ज़ॉम्बी रेड्डी 2 NXT LVL' में नज़र आने वाले हैं। 'ज़ॉम्बी रेड्डी' के क्रिएटर प्रशांत वर्मा सीक्वल के क्रिएटर के तौर पर लौट रहे हैं, वहीं सुपर्ण एस वर्मा ने इस बार डायरेक्शन की कमान संभाली है। 'हक', 'राणा नायडू' और 'द फैमिली मैन 2' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स से अपनी पहचान बना चुके सुपर्ण वर्मा, कई फिल्मों और वेब सीरीज़ में अपनी राइटिंग का जलवा भी दिखा चुके हैं।

ऐसे में उनका खास इंटेंस अंदाज़ इस फ्रेंचाइज़ी में एक नया फ्लेवर जोड़ता दिखाई देगा। टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले तैयार हो रही है। बड़े स्केल और महत्वाकांक्षी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले इस बैनर ने शानदार प्रोडक्शन वैल्यू और पैन-इंडिया विज़न के साथ बड़े पर्दे पर ग्रैंड सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देने की अपनी खास पहचान बनाई है। 'मिराई' के बाद 'ज़ॉम्बी रेड्डी 2 ह्रङ्मङ्म स्ह्लरु तेजा सज्जा और प्रोडक्शन हाउस की दूसरी साझेदारी है। तेजा सज्जा के जन्मदिन पर फिल्म का टाइटल ग्लिम्प्स सामने आया था, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब फिल्म की स्टारकास्ट में एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। रियल स्टार उपेंद्र एक अहम भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि शनाया कपूर इस फिल्म के साथ तेलुगु सिनेमा में



अपना डेब्यू करेंगी। 'ज़ॉम्बी रेड्डी 2' के मेकर्स ने उपेंद्र के जन्मदिन के खास मौके पर उनका फर्स्ट लुक पोस्टर रिवील किया है। पोस्टर में उपेंद्र का ऐसा वाइल्ड, फियर्स और लार्जर-दैन-लाइफ अवतार देखने को मिल रहा है, जो पहली नज़र में ही पूरा ध्यान अपनी तरफ खींच लेता है। उपेंद्र एक विशाल पेड़ की डाल से उल्टे लटके हुए दिखाई दे रहे हैं और उनके एक हाथ में लंबा हथियार है। रफ एंड रग्ड लुक, खुले हुए बाल और चेहरे पर दिखता इंटेंस एक्सप्रेशन उनके किरदार को एक रहस्यमयी पहचान देता है। डार्क कॉस्ट्यूम और ट्राइबल इंस्पायर्ड पैटर्न्स उनके इस रॉ और हटके लुक को और दमदार बनाते हैं। पोस्टर का बैकग्राउंड भी किसी रहस्यमयी जंगल की दुनिया से कम नहीं है, जहां घना जंगल, जलती हुई मशालें और रहस्यमयी परछाइयां माहौल को और डरावना बना रही हैं। उपेंद्र का उल्टा लटका हुआ ये अनकन्वेंशनल पोज़ और पूरा ईरी सेटअप मिलकर फिल्म के फैंटेसी-एक्शन वर्ल्ड की झलक देता है। और पोस्टर पर लिखी टैगलाइन, "READY TO TURN THE WORLD UPSIDE DOWN", तो इस फर्स्ट लुक को बिल्कुल परफेक्ट पंच देती है। अपनी जबरदस्त वर्सेटिलिटी और हर किरदार के लिए खुद को पूरी तरह बदल देने की काबिलियत के लिए मशहूर उपेंद्र इस बार ऐसे अवतार में नज़र आ रहे हैं, जो उनके लंबे और शानदार करियर के सबसे अलग और ध्यान खींचने वाले लुक्स में से एक हो सकता है।

सलीम मर्चेंट ने किए मां कामाख्या के दर्शन, यूज़र्स ने किया ट्रोल

द्रमुंबई। म्यूजिक कंपोजर और सिंगर सलीम मर्चेंट हाल ही में असम मां कामाख्या देवी मंदिर के दर्शन करने गए थे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है। सलीम मर्चेंट ने इंस्टाग्राम पर मंदिर की कुछ तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें वे अपने दोस्त के साथ हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में सलीम सफेद टी-शर्ट और काले रंग की पैंट में दिखे, उनके गले में माला और कंधे पर लाल गमछा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए, सलीम ने हिंदी में लिखा, शक्ति के चरणों में, ऐं ह्रीं क्लीं कामाख्या नमः। सलीम मर्चेंट के पोस्ट शेयर करने के बाद सोशल मीडिया पर मिली जुली प्रतिक्रिया देखने के लिए, जहां कुछ यूजर्स उनकी सराहना कर रहे हैं तो कुछ सिंगर की



आलोचना कर रहे हैं। एक तरफ सलीम का अन्य धर्म के प्रति सम्मानजनक रवैया सराहा जा रहा है तो वहीं कुछ कमेंट्स में इस बात का भी जिक्र है कि सलीम की धार्मिक पहचान उन्हें ये सब करने की इजाजत नहीं देती है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं है, जब किसी शख्सियत को इस तरह की आलोचना झेलनी पड़ रही है। गायक सलीम मर्चेंट हिंदू देवी-देवताओं में काफी विश्वास रखते हैं और पूजा-पाठ भी करते रहते हैं। गायक पहले भी बता चुके हैं कि वे भगवान शिव में विश्वास रखते हैं और हर सोमवार पूजा भी करते हैं। साथ ही, शुक्रवार को जुम्मे की नमाज भी पढ़ते हैं। उन्होंने कहा था कि वह दोनों धर्मों का सम्मान करते हैं और भगवान और संगीत से उनका जो जुड़ाव है, उसे शब्दों में बताना मुश्किल है। संगीतकार और गायक सलीम मर्चेंट अपने छोटे भाई सुलेमान मर्चेंट के साथ मिलकर लोकप्रिय जोड़ी सलीम-सुलेमान के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा की 40 से अधिक फिल्मों में यादगार संगीत और बैकग्राउंड स्कोर दिया है। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में 'चक दे! इंडिया', 'फैशन', 'बैंड बाजा बारात, 'रब ने बना दी जोड़ी' और 'कुर्बान' शामिल हैं।उन्होंने फीफा विश्व कप जैसे वैश्विक मंचों और आयोजनों में भी प्रस्तुतियां दी हैं।

अमिताभ बच्चन ने बताया जिंदगी में प्रार्थना का महत्व

कहा-एक प्रयास भी दूर कर सकता है मुश्किलें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन अपनी अभिनय कला से दर्शकों के दिलों में खास जगह रखते हैं। अभिनेता ने जिंदगी में कभी हार न मानने को लेकर खास संदेश दिया। उन्होंने अपने ब्लॉग के जरिए लिफ्ट के लिफ्ट के ऑटोमैटिक दरवाजे से जिंदगी की मुश्किलों की तुलना की। अमिताभ बच्चन ने लिखा, ÷कुछ बिना बोले होता है, कुछ बोलके होता है और कुछ ठोक-ठाक के होता है, लेकिन होता जरूर है।÷ उन्होंने ऑटोमैटिक दरवाजे का उदाहरण देते हुए समझाया, ÷लिफ्ट का ऑटोमैटिक दरवाजा थोड़ी देर बाद अपने आप बंद होने लगता है। अगर चढ़ने में देर हो जाए तो वो बंद होने लगता है। उस वक्त अगर एक छोटी सी उंगली भी



उसके रास्ते में आ जाए, तो वो खुल जाता है और वापस अपनी जगह पर चला जाता है। ठीक इसी तरह छोटी-छोटी कोशिशें जिंदगी में दरवाजे खोल सकती हैं। उन्होंने कहा, ÷जिंदगी में भी एक छोटा सा प्रार्थना दरवाजा खोल देता है, चाहे वो एक छोटी सी उंगली के बराबर ही क्यों न हो। बिना प्रार्थना किए कुछ मिले- नामुमकिन! कोशिश करते रहो, चलते रहो, लगे रहो, किसी दिन, वो दरवाजा तंग आकर खुल जाएगा। अभिनेता अमिताभ बच्चन इन दिनों क्विज रियलिटी शो %कौन बनेगा करोड़पति-18वां सीजन% होस्ट कर रहे हैं। यह शो पहली बार वर्ष 2000 में शुरू हुआ था। इस क्विज शो को इंडियन टेलीविजन की सबसे आइकॉनिक फ्रेंचाइजी में से एक बना दिया था। यह शो ब्रिटिश शो %हू वांट्स टू बी अ मिलियनेयर?% का हिंदी वर्जन है। इसका फॉर्मेट %हू वांट्स टू बी अ मिलियनेयर?% फ्रेंचाइजी के दूसरे शोज जैसा ही है, जिसमें प्रतियोगियों से बहुविकल्पीय सवाल पूछे जाते हैं और उन्हें चार विकल्पों में से सही जवाब चुनना होता है। अगर उन्हें जवाब पर शक हो तो मदद के लिए उन्हें लाइफलाइन भी दी जाती है।

CMYK

page 7_Layout 1 19-09-2026 16:37 Page 1

STRAIT OF HORMUZ और BAB-EL-MANDEB पर संकट आया तो क्या हुआ? MODI ने खोज लिया नया रास्ता!

ब्रिक्स आयोजित कार्यक्रम में सोहार मुक्त क्षेत्र और सोहार बंदरगाह के प्रमुख रईद अल रुवैई ने भारतीय कंपनियों और निवेशकों को सोहार में निवेश का दिया आमंत्रण

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली में 16 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में सोहार मुक्त क्षेत्र और सोहार बंदरगाह के प्रमुख रईद अल रुवैई ने भारतीय कंपनियों और निवेशकों को सोहार में निवेश का आमंत्रण दिया। उनका कहना था कि भारत सोहार के अंतरराष्ट्रीय निवेश परिदृश्य का महत्वपूर्ण और लगातार बढ़ता हिस्सा है। भारतीय कंपनियां पहले से ही वहां के औद्योगिक तंत्र में मौजूद हैं और भविष्य में निवेश से औद्योगिक समूहों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और क्षेत्रीय व्यापार को और मजबूती मिल सकती है। ओमान के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी ने भी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सोहार सहित ओमान के बंदरगाहों को देश और व्यापक क्षेत्र में विस्तार के द्वार के रूप में प्रस्तुत किया। हम आपको बता दें कि सोहार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसका भौगोलिक स्थान है। यह ओमान के उत्तर-पूर्वी तट पर स्थित है और होर्मुज जलडमरूमध्य से दूर है। यही दूरी मौजूदा संकट में इसे विशेष महत्व देती है। यदि होर्मुज के रास्ते जहाजों की आवाजाही बाधित होती है, तो सोहार भारत और अन्य एशियाई देशों के लिए खाड़ी क्षेत्र तक पहुंच बनाए रखने वाला एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध करा सकता है।

इसका महत्व केवल सैद्धांतिक नहीं है। सोहार संयुक्त अरब अमीरात और पूर्वी सऊदी अरब की महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचनाओं के निकट है। पश्चिम एशिया में पाइपलाइनों और बंदरगाहों पर हमलों के बाद समुद्री मार्गों के पुनर्गठन की आवश्यकता बढ़ी है। ऐसी स्थिति में सोहार से कच्चे तेल की जहाजों के माध्यम से आपूर्ति की संभावनाओं पर भी ध्यान बढ़ रहा है।

केवल बंदरगाह नहीं, पूरा औद्योगिक तंत्र

साथ ही सोहार की शक्ति केवल समुद्री स्थिति में नहीं है। वर्ष 2004 से संचालित यह विशाल गहरे समुद्र का बंदरगाह लगभग 2.1 करोड़ वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। यहां रसद, पेट्रोरसायन और धातु जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह मौजूद हैं। इसके साथ खाद्य क्षेत्र भी विकसित किया गया है और कृषि उत्पादों के लिए ओमान का पहला विशेष टर्मिनल यहां स्थापित है।

हम आपको यह भी बता दें कि सोहार बंदरगाह और मुक्त क्षेत्र में 30 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हो चुका है और अधिकारियों के अनुसार



इसकी वार्षिक माल संभालने की क्षमता 7.2 करोड़ टन है। वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंटेनर यातायात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 प्रतिशत वृद्धि हुई। इस अवधि में कुल माल आवागमन 5.2 करोड़ टन तक पहुंच गया। भारतीय कंपनियों की मौजूदगी भी इसे भारत के लिए अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। नवीन जिंदल समूह की इस क्षेत्र में इस्पात इकाई है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 लाख टन बताई गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सोहार भारतीय कारोबार के लिए केवल संभावित नया पड़ाव नहीं, बल्कि पहले से विकसित औद्योगिक साझेदारी का आधार भी है।

खाड़ी तक भारत की पहुंच को मिलेगा नया विकल्प : इसके अलावा, सोहार की एक और बड़ी ताकत संयुक्त अरब अमीरात के साथ उसकी निकटता है। सोहार से सड़क मार्ग के जरिए संयुक्त अरब अमीरात और आगे खाड़ी सहयोग परिषद के अन्य देशों तक माल पहुंचाया जा सकता है। सोहार और जेबेल अली के बीच हरित गलियारे की योजना तथा ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच प्रस्तावित रेल संपर्क इस व्यवस्था को और मजबूत कर सकते हैं। ओमानी अधिकारियों के अनुसार यह रेल संपर्क 2028 तक चालू होने की संभावना है। भारत और सोहार के बीच समुद्री संपर्क भी पश्चिम एशिया संकट के बाद बढ़ा है। सोहार को खाड़ी सहयोग परिषद और अफ्रीकी बाजारों के लिए माल के पुनर्वितरण केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। भौगोलिकसंदर्भ

ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ा बड़ा रणनीतिक अर्थ : देखा जाये तो भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा अर्थ ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति मार्गों के विविधीकरण में छिपा है। भारत की ऊर्जा जरूरतों के बड़े हिस्से का संबंध पश्चिम एशिया से है। ऐसे में किसी एक समुद्री मार्ग पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम बढ़ा सकती है। सोहार जैसे वैकल्पिक मार्ग उस जोखिम को बांटने में मदद कर सकते हैं। ओमान के सलालाह और दुक्म बंदरगाह भी इस व्यापक रणनीति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। सलालाह पूर्वी अफ्रीका और अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी से जुड़ा प्रमुख केंद्र है, जबकि दुक्म बड़े औद्योगिक और रसद विकास के लिए तैयार किया जा रहा है। इस तरह तीनों बंदरगाहों की भूमिकाएं अलग-अलग हैं। सोहार खाड़ी और औद्योगिक व्यापार पर केंद्रित है, सलालाह अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी और अफ्रीकी संपर्क को मजबूती देता है, जबकि दुक्म बड़े औद्योगिक निवेश के लिए अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, भारत और ओमान के बीच 1 जून 2026 से लागू व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता भी इस बढ़ते संबंध को व्यापारिक आधार देता है। हालांकि सोहार की वास्तविक दीर्घकालिक उपयोगिता इस बात पर निर्भर करेगी कि मौजूदा संकट से पैदा हुआ अतिरिक्त माल आवागमन स्थायी निवेश, नियमित जहाज सेवाओं और मजबूत वितरण तंत्र में कितना बदलता है। बहरहाल, होर्मुज संकट ने सोहार के महत्व को अचानक बढ़ा दिया है, लेकिन इसकी क्षमता केवल संकट के समय के वैकल्पिक मार्ग तक सीमित नहीं है। गहरे समुद्र का बंदरगाह, औद्योगिक समूह, मुक्त क्षेत्र, संयुक्त अरब अमीरात से संपर्क और भारत के साथ बढ़ती व्यापारिक निकटता इसे भारत की खाड़ी नीति और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में दीर्घकालिक महत्व का केंद्र बना सकती है। भारत के लिए इसका मूल संदेश साफ है। ऊर्जा सुरक्षा केवल तेल खरीदने से नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित रूप से भारत तक पहुंचाने वाले अनेक भरोसेमंद मार्ग तैयार करने से सुनिश्चित होती है।

ईडी ने वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में आईआईटीएल के 42.13 करोड़ रुपए के शेयर किए जब्त

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए)-2002% के तहत एनएन फाइनेंस के पास मौजूद इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आईआईटीएल) के शेयरों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इन शेयरों की मौजूदा बाजार कीमत 42.13 करोड़ रुपए है। एजेंसी ने यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में की है। पीएसीएल लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों की ओर से चलाई जा रही एक सामूहिक निवेश योजना के जरिए कथित तौर पर वित्तीय धोखाधड़ी की गई। इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 420 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की।



इसके बाद, सीबीआई ने एक अवैध निवेश योजना चलाने में कथित भूमिका के लिए 33 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र और पूरक आरोप पत्र दायर किया। आरोपपत्रों के अनुसार, आरोपी कंपनियों और व्यक्तियों ने एक बड़े पैमाने पर अवैध सामूहिक निवेश योजना चलाई। उन्होंने कृषि भूमि की बिक्री और डेवलपमेंट के बहाने पूरे भारत में लाखों निवेशकों से कथित तौर पर धोखाधड़ी करके 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जुटाई। निवेशकों को नकद अग्रिम भुगतान और किश्तों में भुगतान योजनाओं के माध्यम से निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। उनसे एग्रीमेंट, पावर ऑफ अटॉर्नी और अन्य फर्जी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए। अधिकतर मामलों में, वादा की गई जमीन नहीं दी गई, जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को लगभग 48,000 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया। ईडी ने 2016 में इस मामले में एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की और 2018 में एक अभियोजन शिकायत दर्ज की। इसके बाद 2022, 2025 और 2026 में मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल विभिन्न आरोपी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ छह पूरक अभियोजन शिकायतें दर्ज की गईं। हालिया कार्रवाई के तहत ईडी ने एनएन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास मौजूद इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लिमिटेड के 29.46 लाख इक्विटी शेयर जब्त कर लिए हैं। ये शेयर 30.90 करोड़ रुपए में खरीदे गए थे और 18 सितंबर तक इनका मौजूदा बाजार मूल्य 42.13 करोड़ रुपए था। जांच से पता चला कि इक्विटी शेयरों के लिए पीएसीएल से डायवर्ट किए गए फंड का इस्तेमाल किया गया था। ये फंड असल में निवेशकों से इकट्ठा किया गया था और अपराध की आय का हिस्सा था। फिलहाल, इस कुर्की के साथ ईडी ने अब तक भारत और विदेश में स्थित संपत्तियों सहित लगभग 29,667.76 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया है।

'राष्ट्रीय रोजगार मेला' के तहत अब तक 12.75 लाख नियुक्ति पत्र जारी : सरकार

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । सरकार द्वारा शनिवार को जारी एक फैक्टशीट के अनुसार, केंद्र सरकार के %राष्ट्रीय रोजगार मेला% अभियान के तहत अब तक आयोजित 20 संस्करणों में करीब 12.75 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। फैक्टशीट में कहा गया है कि अक्टूबर 2022 में 10 लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई यह पहल अब मिशन मोड में चलने वाला देशव्यापी भर्ती अभियान बन चुकी है। फैक्टशीट के अनुसार, चयनित उम्मीदवारों ने रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित कई अन्य विभागों में अपनी जिम्मेदारियां संभाली हैं। सरकार ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को मिशन मोड में आगे बढ़ाया गया, जिसके तहत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने स्वीकृत



पदों पर रिक्तियां भरने के लिए विशेष प्रयास किए। यह प्रक्रिया संघ लोक सेवा आयोग (यीपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) जैसी स्थापित भर्ती एजेंसियों के माध्यम से संचालित की गई। फैक्टशीट में कहा गया है कि %राष्ट्रीय रोजगार मेला% केवल भर्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कौशल विकास, करियर परामर्श और उद्यमिता सहायता को भी एक साथ जोड़ता है, जिसके जरिए युवाओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी बयान के मुताबिक, नौकरी तलाशने वालों और नियोक्ताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा कौशल और रोजगार के बीच बेहतर तालमेल बनाने में रोजगार मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे कुशल कार्यबल तैयार करने और युवाओं को सार्वजनिक सेवा तथा राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के अवसर देने में मदद मिली है। पहले रोजगार मेले में देश भर के 50 स्थानों पर 75,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। इसके बाद से यह अभियान लगातार विस्तार करता गया और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को तेज करने का माध्यम बन गया। फैक्टशीट में कहा गया है कि इस पहल ने न केवल सार्वजनिक क्षेत्र में भर्ती की गति बढ़ाई है, बल्कि युवाओं को सरकारी सेवा में करियर शुरू करने और देश के विकास में योगदान देने का अवसर भी प्रदान किया है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी), सेक्टर स्किल काउंसिल्स (एसएससी) और प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके) के सहयोग से रोजगार मेलों का आयोजन करता है। इन आयोजनों में निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी शामिल किया जाता है, ताकि योग्य उम्मीदवारों को अधिक रोजगार अवसर मिल सकें।

रोजगार, कौशल विकास, करियर परामर्श और उद्यमिता अवसरों को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय रोजगार मेला युवाओं को रोजगार से जोड़ने और देश में कुशल कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

दिल्ली में नाबालिग लड़की से गैंगरेप और हत्या मामले का एनसीडब्ल्यू ने लिया संज्ञान, कमिश्नर को लिखा पत्र

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने आउटर नॉर्थ दिल्ली में 16 साल की लड़की से गैंगरेप और हत्या का मामला खुद संज्ञान में लिया है। एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर समयबद्ध और विस्तृत जांच, सख्त कानूनी कार्रवाई और सभी फोरेंसिक सबूतों को सुरक्षित रखने की मांग की है। दरअसल नाबालिग लड़की की गैंगरेप के बाद चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। लड़की का शव एक खुले मैदान में मिला था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने पोक्सो एक्ट और बीएनएस के तहत उचित कार्रवाई करने और जहां कानूनी रूप से लागू हो, वहां 16-18 साल के



आरोपियों के लिए जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 15 के तहत शुरुआती जांच करने को भी कहा है। आयोग ने पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा, कानूनी मदद, काउंसलिंग और मुआवजे के साथ-साथ सात दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। 13 सितंबर को उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में कुशक रोड पर जयपाल राणा के खेत के पास सड़ी-गली लाश मिली थी। शव की हालत ऐसी थी कि पुलिस शुरू में यह भी तय नहीं कर पाई कि शव लड़के का है या लड़की का। पुलिस को जांच में पता चला कि गैंगरेप के बाद हत्या कर शव फेंका गया था। पुलिस के मुताबिक इस वारदात को 4 लोगों ने अंजाम दिया, जिसमें 3 नाबालिग थे। जांच में पता चला कि पीड़ित आरोपियों को जानती थी और उनके साथ टेंपो में सफर कर रही थी। पुलिस के अनुसार सफर के दौरान सभी ने शराब पी और फिर लड़की से दुष्कर्म किया। इसके बाद चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को खुले खेत में फेंक दिया गया। लावारिस कुत्तों ने शव के कुछ हिस्से खा लिए थे और पीड़ित का एक हाथ शरीर से अलग पड़ा मिला था। पुलिस ने बताया कि लड़की के परिवार ने उसकी गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की कई उड़ानें हुईं प्रभावित, यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । परिचालन संबंधी बाधाओं के कारण शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्पाइसजेट की कई उड़ानें विलंबित या रद्द कर दी गईं, जिससे सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए। अधिकारियों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें या एयरपोर्ट पर मौजूद टीमों से मदद लें। दिल्ली एयरपोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर जारी एक एडवाइजरी में कहा, ÷स्पाइसजेट की कुछ उड़ानों के संचालन में व्यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। दिल्ली एयरपोर्ट की टीमें प्रभावित यात्रियों की सहायता करने और



जरूरी सहयोग के लिए एयरलाइन और संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।÷ इससे पहले, 15 सितंबर को भी ऐसी एक घटना हुई। उस समय दुबई जाने वाले विमानों के बार-बार रीशेड्यूल और देर होने के बाद स्पाइसजेट के लगभग 200 यात्रियों ने दिल्ली एयरपोर्ट पर विरोध प्रदर्शन किया था। एयरलाइन ने कहा था कि एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

गौरतलब है कि स्पाइसजेट वित्तीय और परिचालन संबंधी समस्याओं से जूझ रही है, जिसके कारण उसके बेड़े का एक बड़ा हिस्सा ग्राउंडेड हो गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जुलाई में स्पाइसजेट लिमिटेड पर अपने फ्लाइट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर भ्रामक डिजाइन प्रैक्टिस, जिन्हें आमतौर पर %डार्क पैटर्न% के रूप में जाना जाता है, को अपनाने के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इनमें उपभोक्ताओं को स्वचालित रूप से अपने लॉयल्टी प्रोग्राम में शामिल करना और पूर्व चयनित विकल्पों के माध्यम से प्रचार संबंधी संचार के लिए सहमति प्राप्त करना शामिल था। यह आदेश तब जारी किया गया जब अथॉरिटी ने पाया कि एयरलाइन का ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म ऐसे इंटरफेस डिजाइन का इस्तेमाल करता था जो उपभोक्ताओं की पसंद को प्रभावित करते थे और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करते थे। सीसीपीए ने यह भी पाया कि उपयोगकर्ताओं को प्रचार संदेश प्राप्त करने के लिए सहमति देने वाला माना गया था, क्योंकि संबंधित विकल्प उपभोक्ताओं से किसी भी सकारात्मक कार्रवाई की जरूरत के बिना डिफॉल्ट रूप से चुना गया था।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता, रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । भारत और दक्षिण अफ्रीका ने नई दिल्ली में पहली 'आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता' की। इस बातचीत में ज्यादा ट्रेनिंग एक्सचेंज और संयुक्त क्षमता-निर्माण पहलों के जरिए दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर गंभीर मंत्रणा हुई। बैठक के बाद, भारतीय सेना ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेना-से-सेना के स्तर पर पहली बार स्टाफ वार्ता (एएएसटी) 16-18 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। दोनों पक्षों ने ट्रेनिंग एक्सचेंज और संयुक्त क्षमता निर्माण के जरिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। ये सेनाओं के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम



है। भारतीय सेना के अनुसार, दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय सेना की एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़ी पहलों और 505 आर्मी बेस वर्कशॉप का भी दौरा किया, जिससे उन्हें टेक्नोलॉजी पर आधारित बदलाव और स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के बारे में जानकारी मिली। यह आर्मी-टू-आर्मी वार्ता, नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के बीच हुई बैठक के कुछ दिनों बाद हुई है। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई थी। पिछले हफ्ते, पीएम मोदी और रामफोसा ने सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की और भारत तथा दक्षिण अफ्रीका के बीच बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी थी। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका की प्रगति, ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था के लिए मिलकर काम करेंगे। पीएम ने एक्स पोस्ट में लिखा, दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें भारत-एसएसीयू व्यापार समझौता, खनन और महत्वपूर्ण खनिज, बुनियादी ढांचा, खाद्य सुरक्षा, डीपीआई और उभरती टेक्नोलॉजी, और स्किलिंग शामिल है। हमारी साझेदारी इतिहास पर आधारित है और भविष्य पर मजबूती से केंद्रित है। हम अफ्रीका की प्रगति, ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था के लिए मिलकर काम करेंगे।

भारत ने नेपाल भेजी मदद की एक और खेप, 11 टन राहत सामग्री में हाइजिन किट और दवाएं शामिल

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । भारत ने पड़ोसी देश नेपाल को विनाशकारी बाढ़ के बाद की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए मदद की एक और बड़ी खेप भेजी है। इस राहत सामग्री में दवाओं के साथ ही फोरेंसिक का सामान शामिल है। भारतीय वायुसेना का विमान ये सभी राहत सामग्री लेकर रवाना किया गया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के पोस्ट को शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। पोस्ट में लिखा, भारत ने नेपाल को राहत सामग्री की 11 टन और खेप भेजी। नेपाल की रिकवरी में मदद के लिए राहत सामग्री ले जाने वाला यह भारतीय वायुसेना का नौवां विमान था। इससे पहले जयशंकर ने भेजी गई सामग्री में शामिल सामग्रियों का जिक्र किया, नेपाल को राहत सामग्री की एक और खेप (11 टन) भेजी गई, जिसमें दवाएं, फोरेंसिक का सामान, टेंट, हाइजीन किट, स्लीपिंग बैग और अन्य जरूरी चीजें शामिल हैं। भारत नेपाल को पुनर्निर्माण में मदद करना जारी रखे हुए है। भारत अब तक नेपाल को 140 टन से ज्यादा की मानवीय सहायता और आपदा राहत



(एचएडीआर) सामग्री भेज चुका है। विदेश मंत्रालय लगातार इसे लेकर अपडेट देता रहा है। बयान और प्रेस वार्ता के जरिए मंत्रालय स्पष्ट करता आया है कि राहत सामग्री के साथ विशेषज्ञ भी भारत ने नेपाल भेजे हैं। नई दिल्ली ने सुरंग और कीचड़ से बचाव के लिए खास उपकरण, डीएनए किट और फोरेंसिक उपकरण भी आपदा के बाद तुरंत उपलब्ध कराए थे। इसके अलावा अस्थायी आश्रय, कंबल, हाइजीन किटन, सोलर लैंप और दवाएं जैसी जरूरी चीजें भी समय-समय पर भेजती रहती हैं। भारतीय वायुसेना ने राहत सामग्री पहुंचाने के लिए अब तक नौ विशेष उड़ानें संचालित की हैं। भारत ने कहा है कि वह बाढ़ के बाद नेपाल के बचाव, राहत और पुनर्निर्माण के प्रयासों में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

CMYK

page 8_Layout 1 19-09-2026 20:11 Page 1

फतेहगढ़ साहिब से गूंजी नशामुक्त पंजाब की आवाज, भाजपा ने शुरू की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा'

डेली आवाज भारती



फतेहगढ़ साहिब। पंजाब को नशे से मुक्त करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' के दूसरे चरण का शनिवार को फतेहगढ़ साहिब की पवित्र धरती से शुभारंभ किया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर फतेहगढ़ साहिब में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी मौजूदगी रही। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल हुए। रेखा गुप्ता ने यात्रा में शामिल होने से पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री ज्योति स्वरूप साहिब में माथा टेका और अरदास की। भाजपा के अनुसार, यह अभियान पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में चरणबद्ध तरीके से निकाला जा रहा है और इसका उद्देश्य नशे के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाना है। पार्टी द्वारा शुरू की गई चार यात्राएं राज्य के 117 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरने की योजना के तहत निकाली जा रही हैं और करीब 4,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। फतेहगढ़ साहिब के कार्यक्रम में मनप्रीत बादल और रंजीत गिल सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मंच पर नेताओं ने नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया और पंजाब के युवाओं को नशे से दूर रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

22 सितंबर से पंजाब में सरकारी बसों का चक्का जाम

यात्रियों की बढ़ सकती है परेशानी

- कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान
- पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन की ओर से चंडीगढ़ में बैठक
- कर्मचारियों की मांगों पर कोई ठोस समाधान नहीं कर रही
- मुफ्त सफर करने वाली महिलाओं को परेशानी हो सकती

डेली आवाज भारती



पंजाब में सरकारी बसों से सफर करने वाले लोगों के लिए अहम खबर है। पंजाब रोडवेज, पनबस और PRTC की बसों को लेकर कर्मचारियों ने 22 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। पंजाब रोडवेज, पनबस और PRTC कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन की ओर से चंडीगढ़ में बैठक की गई। बैठक के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर कर्मचारियों की मांगों का समाधान न किया तो 22 सितंबर से चक्का जाम किया जाएगा।

मांगों पर ठोस समाधान नहीं कर रही सरकार

यूनियन के प्रधान रेशम सिंह गिल ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों पर कोई ठोस समाधान नहीं कर रही है। इसी के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया गया है। हड़ताल के चलते पंजाब में सरकारी बसों की सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, सरकारी बसों में मुफ्त सफर करने वाली महिलाओं को भी परेशानी हो सकती है।

पाकिस्तान में आतंकी हमले में अब तक 31 की मौत!

- 100 से ज्यादा लोग घायल, कई की हालत गंभीर बताई जा रही है

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट में पुलिस परिसर पर हुए आत्मघाती हमले में अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 16 पुलिसकर्मी शामिल हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमला शुक्रवार दोपहर उस समय हुआ, जब पुलिसकर्मी और उनके परिवार के सदस्य पुलिस परिसर के अंदर मस्जिद में नमाज अता कर रहे थे। इस दौरान विस्फोटक से भरे वाहन को पुलिस परिसर की ओर लाया गया और इसके बाद जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट के बाद परिसर में हथियारबंद हमलावरों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी भी शुरू हो गई।

मृतकों में 16 पुलिसकर्मी भी शामिल



बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

बाद में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के दौरान परिसर को खाली कराने का अभियान भी चलाया गया। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ी है तथा मामले की जांच जारी है। हमले की जिम्मेदारी को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं, जबकि शुरुआती रिपोर्टों में TTP से जुड़े होने की आशंका भी जताई गई थी।

हमले के बाद कुछ हमलावर पुलिस परिसर की स्पेशल ब्रांच वाली इमारत में घुस गए थे। पुलिस और सुरक्षा बलों ने उन्हें घेरकर कार्रवाई शुरू की। कई हमलावरों के मारे जाने की जानकारी सामने आई थी।

गणेश महोत्सव में डाक्टर पिनाक मोदगिल ने किया गणपति पूजन

डेली आवाज भारती

गणेश महोत्सव में डाक्टर पिनाक मोदगिल ने किया गणपति पूजन



बरनाला/कशिशः मंदिर बाबा गीटी वाला, बरनाला में श्री गणेश महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर एसडी सभा बरनाला के चेयरमैन डाक्टर पिनाक मोदगिल ने मंदिर में पहुंचकर भगवान श्री गणेश का विधिवत पूजन किया। डाक्टर पिनाक मोदगिल ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की तथा आरती में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है। गणपति की आराधना से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, श्रद्धा और एकजुटता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गणेश महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के समक्ष माथा टेककर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं। गणेश महोत्सव के चलते मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष लगाए।

श्री गणेश जी की आराधना से मन में सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग का संचार होता है

एसएएस ला कालेज बरनाला के संचालक व एसएसडी कालेज के प्रिंसिपल डॉ. राकेश जिंदल ने कहा कि गणपति महोत्सव श्रद्धा, आस्था और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। भगवान श्री गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है। यह महोत्सव हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भावना का संदेश देता है। श्री गणेश जी की आराधना से मन में सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग का संचार होता है। महोत्सव के दौरान होने वाले धार्मिक कार्यक्रम समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। हमें इस पर्व को श्रद्धा के साथ मनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखना चाहिए। यही गणपति महोत्सव की सच्ची भावना है।

पंजाबियों-भारतीयों को बड़ी राहत :

सरी में होगा अस्थि विसर्जन, 21 सितंबर से ऑनलाइन बुकिंग

अब अपनों की अस्थियों के विसर्जन के लिए भारत आने की जरूरत नहीं पड़ेगी

डेली आवाज भारती

कनाडा में रहने वाले पंजाबियों और भारतीय समुदाय के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब अपनों की अस्थियों के विसर्जन के लिए भारत आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कनाडा के सरी शहर में पहली आधिकारिक अस्थि विसर्जन साइट शुरू की गई है, जहां परिवार धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अस्थियों का विसर्जन कर सकेंगे। इसके लिए नदी तक पहुंचने के लिए एक विशेष रैंप और प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। हालांकि, इस सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए परिवारों को पहले से ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। पूजा सामग्री या अन्य वस्तुओं को नदी में डालने की अनुमति नहीं होगी। सरी सिटी की ओर से 21 सितंबर से ऑनलाइन रिजर्वेशन सिस्टम लागू किया जा रहा है। परिवार शहर की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए अपनी पसंद का समय स्लॉट बुक कर सकेंगे। इस सुविधा के लिए 237 कनाडाई डॉलर यानी करीब 14,500 रुपए फीस तय की गई है। सुरक्षा और निजता को ध्यान में रखते हुए एक समय में केवल एक परिवार को ही साइट का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी। अस्थि विसर्जन के लिए नदी में करीब 50 फीट आगे तक विशेष प्लेटफॉर्म बनाया गया है। यहां पहुंचने के लिए सुरक्षित रैंप और बैठने के लिए दो बेंच भी लगाए गए हैं। विसर्जन के दौरान सरी सिटी का एक स्टाफ सदस्य मौके पर मौजूद रहेगा। वह परिवार की सहायता करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करेगा कि नदी में किसी तरह का प्रदूषण न हो। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए परिवारों से एक अंडरटेकिंग भी ली जाएगी।



सिर्फ अस्थियों के विसर्जन की अनुमति

इसके तहत नदी में केवल अस्थियों की राख प्रवाहित करने की अनुमति होगी। नियमों का पालन करवाने की जिम्मेदारी मौके पर मौजूद सिटी स्टाफ की होगी। साउथ एशियन समुदाय, खासकर सिख और हिंदू परिवार, लंबे समय से कनाडा में आधिकारिक तौर पर अस्थि विसर्जन की सुविधा की मांग कर रहे थे। इससे पहले कनाडा की नदियों में अस्थि विसर्जन पर पर्यावरण और जल प्रदूषण से जुड़े नियमों के कारण प्रतिबंध था।

जालंधर में वैज़ की जगह नॉन वैज मोमस देने पर हुआ विवाद, जमकर हुआ हंगामा

- दुकानदार और ग्राहक के बीच तीखी नोंकझोंक हुई
- घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है
- पुलिस ने ग्राहक को समझाया तब मामला शांत हुआ

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के मॉडल हाउस में 'ष्ठद्ग1द्वद्य स्थद्वद्गश्रह्य' के बाहर देर रात काफी हंगामा देखने को मिला। जिस कारण दुकानदार और ग्राहक के बीच तीखी नोंकझोंक हुई, जिसके बाद काफी देर तक हंगामा हुआ। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामला बढ़ता देख आस-पास के लोगों ने पुलिस को इस घटना के बारे में जानकारी दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने ग्राहक को समझाया, तब जाकर यह पूरा मामला शांत हुआ। युवक का आरोप है कि ष्ठद्ग1द्वद्य स्थद्वद्गश्रह्य के पास देर रात मोमोज़ खाने आया। उसने दुकानदर से एक प्लेट वेज मोमोज़ मांगे, लेकिन उसे वेज की जगह चिकन वाले मोमोज दे दिए गए। गलत ऑर्डर देने पर युवक भड़क गया और उसने दुकानदार व उसके कर्मचारियों के साथ बहसबाजी करनी शुरू कर दी। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया और काफी ज्यादा हंगामा होने लग गया।

दुकान मालिक और कर्मचारी ने मांगी माफी

विवाद के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वहीं इस मामले पर जब दुकान मालिक और कर्मचारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऑर्डर देने में गलती हो गई है। ग्राहक ने पनीर वाले मोमोज़ ऑर्डर किए थे, पर गलती से उन्हें चिकन वाले मोमोज़ भेज दिए। इसके लिए हमने ग्राहक से माफी भी मांग ली है। ऑर्डर ज्यादा होने के कारण कर्मचारी से ऐसी गलती हुई है।

बत्ता पेट लाइफ क्लिनिक की ओर से आज निःशुल्क एंटी-रेबीज एवं जनरल हेल्थ चेकअप कैंप

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन सिंगला। पालतू जानवरों की बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के उद्देश्य से बत्ता पेट लाइफ क्लिनिक, बरनाला की ओर से आज विशेष निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं जनरल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। यह कैंप केवल सिंह ढिल्लों की कोठी के पास नानक साहिब रोड स्थित बत्ता पेट लाइफ क्लिनिक में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कैंप में पहुंचने वाले पालतू जानवरों, विशेषकर कुत्तों और बिल्लियों को निःशुल्क एंटी-रेबीज टीके लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पशु चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पालतू जानवरों की सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी। क्लिनिक के विशेषज्ञ डॉक्टर जतिन इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। कैंप में पशु मालिकों को अपने पालतू जानवरों के खान-पान, साफ-सफाई, स्वास्थ्य और उचित देखभाल संबंधी निःशुल्क सलाह भी दी जाएगी। क्लिनिक प्रबंधकों ने बताया कि रेबीज एक गंभीर एवं जानलेवा बीमारी है, जिससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्र के सभी पशु मालिकों एवं पालतू पशु प्रेमियों से अपील की कि वे अपने पालतू जानवरों को कैंप में लेकर आएं और इस निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

शिवराज सिंह चौहान ने पंजाबियों से नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का आह्वान किया

चंडीगढ़। पंजाब इस समय नशे के गंभीर संकट से गुजर रहा है। नशे ने बहुत से परिवारों को बर्बाद कर दिया है और अनेक युवाओं का जीवन तबाह एवं बर्बाद कर दिया है।ष्ठ ये शब्द भारत के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी अपने एक वीडियो संदेश के माध्यम से उन्होंने यह बात कही है। भारतीय जनता पार्टी पंजाब में 'भाजपा का नारा, नशा मिटाना सारा' के संकल्प के तहत 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' निकाल रही है। इसकी शुरुआत 18 सितंबर को पठानकोट के माधोपुर से हो चुकी है। इसके तहत चार स्थानों से यात्राएं निकाली जानी हैं। तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो में अरदास करने के बाद शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चौथी यात्रा को रवाना करेंगे। पंजाब दौरे से पहले नशे के संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार नशे की समस्या को हल करने में बुरी तरह विफल रही है।

बूरमाजरा निवासियों ने मनाया जगमोहन सिंह कंग का जन्मदिन

अपने पैतृक गांव में बुजुर्गों को नमन कर किया याद और सम्मान : कंग

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि उनके बुजुर्गों के पैतृक गांव बूरमाजरा (रोपड़-मोरिंडा रोड, गुरु गोबिंद सिंह मार्ग) में पंचायत एवं नगर निवासियों ने विशेष रूप से उनका जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उन्हें प्यार, सम्मान और श्रद्धा के साथ जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा अपना आशीर्वाद दिया। कंग ने इसके लिए सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि कंग साहिब ने पहले भी गांव के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को इस बात पर गर्व है कि कंग ने अपने पूर्वजों की धरती और पैतृक गांव को कभी नहीं भुलाया तथा हमेशा गांववासियों के साथ खड़े रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके सहयोग से गांव में पशु अस्पताल एवं जनरल अस्पताल, खेल स्टेडियम और जिम का निर्माण, बूरमाजरा से समरौली लिंक रोड, सरकारी स्कूल में कमरों का निर्माण, बिजली घर में ग्रिड की स्थापना तथा गांव के मुख्य गेट सहित कई विकास कार्य करवाए गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि भविष्य में भी उन्हें कंग के सहयोग की आवश्यकता रहेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि हमारी सभ्यता और मर्यादा के अनुसार हमें अपने सम्मानित बुजुर्गों, पूर्वजों तथा जन्मभूमि एवं पैतृक गांव को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों ने परिवार एवं समाज की नींव रखी, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और वह इसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कंग ने कहा कि अब भी संगत, गांववासियों और पंचायत के सहयोग से उनके बुजुर्गों के पैतृक गांव में सामूहिक कार्यों के लिए एक शानदार कम्युनिटी सेंटर का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कम्युनिटी सेंटर गांव के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर बीबी गुरप्रीत कौर, शेर सिंह, मलकीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जतिंदर सिंह, तेजपाल सिंह (तेजी), रविंदर सिंह सरपंच, पूर्व सरपंच सुखदेव सिंह, मेजर सिंह, मोहन सिंह, पूर्व सरपंच गुरचरण सिंह, पूर्व सरपंच महिंदर सिंह, बट्टू सिंह, कूड़ा राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

CMYK